वर्ष: 48 अंक 228
जौनपुर, गुरुवार
04 जून 2026
तापमान
अधिकतम / न्यूनतम
40°C | 31°C

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# तरुणमित्र
श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

मूल्य 3.00 रुपये पृष्ठ-8
जौनपुर, अयोध्या, लखनऊ, पटना (बिहार), ठाणे (महाराष्ट्र), भोपाल (मप्र) से प्रकाशित
www.tarunmitra.in



सुदीक्षा ई.एन.टी. क्लीनिक & थायरॉइड सेन्टर
कान पर्दे की सुराख का बिना आपरेशन इलाज
सभी प्रकार के नाक, कान, गला थायराइड एवं मुख कैंसर रोग का इलाज व आपरेशन की सुविधा
डॉ. बृजेश कन्नौजिया M.B.B.S., M.S.(ENT) (गोल्ड मेडलिस्ट) नाक, कान, गला, थायराइड एवं मुख कैन्सर सर्जन
डॉ. एकता कन्नौजिया B.H.M.S., C.G.O. नाक, कान, गला एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
नईगंज तिराहा (कुमार पेट्रोल पम्प के सामने), जौनपुर Mob.:8115484636



पूर्वांचल का सर्वश्रेष्ठ प्रतिष्ठान
गहना कोठी
भगेलू राम रामजी सेठ
Since 1946
भारत सरकार द्वारा प्रमाणित HUID BIS Hallmark Gold & IGI Certified Diamond Jewellery Showroom
शुद्धता ही हमारी परम्परा है
1st Prize मारुति सुज़ुकी डिज़ायर
2nd Prize मारुति बलेनो
3rd Prize मारुति वैगन आर
प्रत्येक 10000/- तक की खरीद पर पाएं लकी ड्रा कूपन और ढेरों ईनाम जीतने का मौका
कचहरी रोड, कलेक्ट्री तिराहा के पास, आधुनिक मिष्ठान के सामने जौनपुर, यूपी 9838545608, 7355037762, 8317077790
सद्भावना पुल रोड, नखास, ओलन्दगंज, जौनपुर 9838545608, 7355037762, 8317077790
हनुमान मंदिर के सामने कोतवाली चौराहा, जौनपुर 9984991000, 9792991000, 9984361313



Redefining Education
www.unsschool.in
Umanath Singh Hr. Sec. School
REGISTRATION FOR ADMISSION (2026-27) OPEN Play Group to Class IX & XI
A Senior Sec. School Affiliated to CBSE New Delhi
The Choice of Winner
Special Orientation for NTSE Olympiad, KVPY, NEET & JEE
Peaceful & Good Environment
Loving & Caring Teachers
Activity Oriented Curriculum
Creative Education Plan
Transport Facility Available
Shankarganj, Maharupur, Jaunpur - 222180
9415234208, 9648531617, 9839155647, 8808794452
Principal-Dr. Bruno D.Nazareth


# दिल्ली में रेस्टोरेंट में आग लगी, 21 लोग जिन्दा जले

**❖ मालवीय नगर में हुआ हादसा, मरने वालों में ज्यादातर विदेशी**
**❖ हादसे में कई लोग झुलसे, जान बचाने को बिल्डिंग से कूदे लोग**

**नई दिल्ली, 03 जून।** मालवीय नगर के हौजरानी स्थित लेमन ग्रीन रेस्टोरेंट में बुधवार सुबह भीषण आग लग गई। हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 21 हो गई, जबकि कई घायल हो गए। मृतकों में कई विदेशी नागरिक भी शामिल हैं। सुबह नाश्ते के समय रेस्टोरेंट हादसा हुआ है।

रेस्टोरेंट बिल्डिंग के नीचे बेसमेंट में चल रहा था, जहां आग लगने के बाद बिल्डिंग में तेजी से फैली और पूरी इमारत को चपेट में ले लिया। आग का विकराल रूप देख कई लोग जान बचाने के लिए बिल्डिंग से नीचे कूद गए। रेस्टोरेंट के ऊपर गेस्ट हाउस भी था, उसमें विदेशी नागरिक थे। रेस्टोरेंट के ठीक सामने ही मैक्स अस्पताल है। वहां इलाज कराने आए मरीजों के तीमारदार इस गेस्ट हाउस में ठहरे थे। रेस्टोरेंट में भी घटना के समय नाश्ता चल रहा था। 60 से अधिक लोग मौजूद थे। बेसमेंट में रेस्टोरेंट के अलावा कई कमरे भी हैं, जहां लोग मौजूद थे।

आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। डीसीपी अनंत मित्तल का कहना है कि हादसे में 12 से 14 लोगों की मौत हो गई है। हालांकि, यह आशंका जताई जा रही है कि लोगों की



मौत का यह आंकड़ा अभी बढ़ सकता है। मौके पर बचाव कार्य जारी है। फायर ब्रिगेड के अनुसार, सुबह 8.50 बजे आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद दमकल विभाग की 10 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। फायर ब्रिगेड की टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए बेसमेंट में फंसे तीनों लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला और उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया।

नेहरू प्लेस फायर स्टेशन के डिविजनल ऑफिसर रविंदर मौके पर मौजूद रहकर ऑपरेशन की निगरानी कर रहे हैं। दिल्ली अग्निशमन सेवा ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

**बिल्डिंग से नीचे गद्दों पर कूदे लोग:** इसी क्रम में DDMA (साउथ डिस्ट्रिक्ट) के एसडीएम जितेंद्र कुमार ने कहा, 'जैसे ही हमें कॉल मिली, हमने तुरंत DDMA सेल को एक्टिवेट कर दिया। हमें पता चला है कि इस बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर पर एक रेस्टोरेंट चल रहा था। आग लगने की वजह अभी तक पता नहीं चल पाई है। अब तक चार शव बरामद किए जा चुके हैं। घायलों समेत 7-8 लोगों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। ऊपर के फ्लोर पर मौजूद कुछ लोगों ने, स्थानीय लोगों द्वारा सड़क पर बिछाए गए गद्दों पर कूदकर अपनी जान बचाई।'

**पीएम ने जताया दुख, किया मुआवजे का एलान:** मालवीय नगर में हुए हादसे में पीएम मोदी ने शोक जताते हुए एक्स पर पोस्ट किया है और मुआवजे का भी एलान किया है। पीएम इंडिया के एक्स से पोस्ट किया गया है, 'दिल्ली के मालवीय नगर में लगी आग में हुई जानमाल की हानि बेहद दुखद है। अपनों को खोने वाले सभी लोगों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। अधिकारी प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान कर रहे हैं। पीएमएनआरएफ से प्रत्येक मृतक के परिजनों को 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे।'


School No.: 70622 Affiliation No.: 2131221
Admission Open 2026-27
Science, Commerce & Humanities
R.N. Tagore Higher Secondary School
(A Senior Secondary School)
Affiliated to C.B.S.E. New Delhi (10+2)
WHERE EVERYONE IS AN ACHIEVER
Sukkhipur, Bodkarpur, Jaunpur
Phone:+91 5452-352515 Mob.: 9616178972, 9935011946, 7388456512
Email : rnthrss94@rediffmail.com | www.rntsss.com
Diagnato diagnostics realm
• CT Coronary Angiogram
• Brain Angiography
❖ आर.एन. टैगोर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सहयोग से डायग्नेटो डायग्नोस्टिक सेंटर पर सभी विद्यार्थियों को निःशुल्क जाँच सुविधा उपलब्ध। ❖ सभी शिक्षकों, अभिभावकों एवं अन्य विद्यार्थियों को सभी मेडिकल/जाँच सेवाओं पर 50% की विशेष छूट।
आपका स्वास्थ्य, हमारी प्राथमिकता!


# दाऊद-आईएसआई मॉड्यूल का एक और आतंकी गिरफ्तार

**चार राज्यों में छापेमारी के बाद स्पेशल सेल ने मुंबई से दबोचा**

**मुंबई, 03 जून।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई, पाकिस्तानी गैंगस्टर और आईएसआई के एजेंट शहजाद भट्टी और अंडरवर्ल्ड दाऊद इब्राहिम मॉड्यूल के एक और आतंकी हुफैजा को मुंबई से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, आतंकी हुफैजा की तलाश में पिछले कई दिनों से मुंबई में सेल और मुंबई एटीएस की टीम छापेमारी कर रही थी।

बता दें कि हुफजा मुंबई अंडरवर्ल्ड में दाऊद इब्राहिम का राइट हैंड और आईएसआई के एजेंट मुन्ना झिंगाड़ा का करीबी है। मुन्ना कराची से उसको निर्देश देता था और यह उसके अनुसार काम कर रहा था। हुफैजा को मंगलवार रात मुंबई से गिरफ्तार किया गया। अब तक इस मॉड्यूल के नौ आतंकियों को स्पेशल सेल चार राज्यों से गिरफ्तार कर चुकी है। पिछले एक माह से आइबी के इनपुट पर स्पेशल सेल, दिल्ली मुंबई, राजस्थान और पंजाब में इस मॉड्यूल के आतंकियों की तलाश में छापेमारी कर रही थी। हुफैजा की गिरफ्तारी से डी कंपनी में और कितने आतंकियों की भर्ती की गई है ये पूछताछ की जा रही है। साथ ही मुन्ना से इसे क्या क्या टारगेट दिए गए थे इस बारे में भी पता लगाया जा रहा है।

# 'हम हैं असली तृणमूल कांग्रेस'

## टीएमसी के 58 विधायकों ने स्पीकर को सौंपा प्रस्ताव

**कोलकाता, 03 जून।** विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद तृणमूल कांग्रेस के भीतर असंतोष तेज हो गया है। बुधवार को एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में टीएमसी के 58 विधायक विधानसभा पहुंचे और उन्होंने स्पीकर को एक प्रस्ताव सौंपा। ये सभी विधायक टीएमसी से निष्कासित विधायक ऋतब्रत बंद्योपाध्याय व संदीपन साहा के संपर्क में हैं।

दोनों नेताओं ने टीएमसी के 58 विधायकों के हस्ताक्षरित प्रस्ताव विधानसभा अध्यक्ष को सौंपा। सूत्रों के मुताबिक प्रस्ताव में विधायकों ने खुद को वास्तविक तृणमूल बताया है। पत्र में इन्होंने विरोधी दल के नेता के तौर पर ऋतब्रत बंद्योपाध्याय व अखरुजम्मान को मुख्य सचेतक के नाम का प्रस्ताव दिया है। अखरुजम्मान पूर्व मंत्री हैं। विवाद की शुरुआत ऋतब्रत बंद्योपाध्याय और संदीपन साहा की उस शिकायत से हुई, जिसमें विपक्ष के नेता के समर्थन से जुड़े एक प्रस्ताव पर कुछ विधायकों के हस्ताक्षर जाली होने का आरोप लगाया गया। शिकायत के आधार पर विधानसभा सचिवालय ने मामला दर्ज कराया, जिसकी जांच सीआइडी कर रही है। पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी द्वारा दोनों विधायकों की भूमिका पर सवाल उठाने और उनके नाम सामने आने के कुछ ही समय बाद तृणमूल ने ऋतब्रत और संदीपन को पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में निष्कासित कर दिया।

# अहमदाबाद में 131 बांग्लादेशी गिरफ्तार

**गुजरात पुलिस और क्राइम ब्रांच को मिली सफलता, पूछताछ जारी**

**अहमदाबाद, 03 जून।** गुजरात पुलिस और क्राइम ब्रांच ने अहमदाबाद में गैर-कानूनी तरीके से रह रहे बंगलादेशी नागरिकों के खिलाफ बड़ा अंडरकवर ऑपरेशन शुरू किया है। मंगलवार देर रात (2 जून) शुरू हुए इस मेगा ड्राइव एजेंसियों के लिए एक बड़ी कामयाबी रही।

पूरे ऑपरेशन के दौरान बांग्लादेशी होने के शक में कुल 291 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया। जिसमे से कड़ी पूछताछ के बाद 131 अवैध घुसपैठियों को अरेस्ट कर लिया गया, जबकि बाकी 160 लोगों एजेंसियां कड़ी पूछताछ कर रहीं हैं। यह ऑपरेशन अहमदाबाद क्राइम ब्रांच और लोकल पुलिस स्टेशनों की अलग-अलग टीमों ने मिलकर प्लान किया था। इसका मकसद शहर में किसी भी बड़ी एंटी-नेशनल एक्टिविटी को रोका जा सके साथ ही गैर-कानूनी तरीके से रह रहे लोगों का पता लगाया जा सके।

क्राइम ब्रांच की टीमों ने खास तौर पर उन इलाकों को टारगेट किया, जो बांग्लादेशी घुसपैठियों के गढ़ माने जाते



हैं। जिसमें, चंदोला झील, गुलाबनगर और दानिलिमडा के खोडियारनगर के आसपास के झुग्गी-झोपड़ियों वाले इलाके शामिल थे। पुलिस वैन को अचानक आते देख इन इलाकों में भारी भगदड़ और हंगामा मच गया। सरकारी कागजात और सबूतों की डिटेल में जांच शुरू की गई।

**291 संदिग्ध हिरासत में:** ऑपरेशन के दौरान गिरफ्तार किए गए सभी 291 संदिग्धों को तुरंत पुलिस गाड़ियों में अहमदाबाद क्राइम ब्रांच के कैंपस लाया गया। फिलहाल, इन सभी संदिग्धों और बांग्लादेशी होने की पुष्टि हुए 131 नागरिकों को क्राइम ब्रांच की कस्टडी में रखा गया है।

क्राइम ब्रांच की स्पेशल टीमें हिरासत में लिए सभी लोगों के भारत में रहने के कानूनी सबूतों की जांच कर रही है। एजेंसियां यह पता लगाने के लिए पूरी जांच कर रही हैं कि संदिग्धों के पास मिले राशन कार्ड, वोटर आईडी या दूसरे पहचान के कागजात असली हैं या नहीं।

**एजेंटों के नेटवर्क का होगा पर्दाफाश ?:** जिन 131 लोगों के बांग्लादेशी होने का सबूत मिला है, उन पर फॉरेनर्स एक्ट और इमिग्रेशन एक्ट के तहत केस दर्ज किया जाएगा, उन्हें जेल भेजा जाएगा और कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उन्हें देश से निकाला जाएगा। लेकिन, पुलिस के लिए अभी सबसे बड़ी चुनौती बाकी 160 लोग हैं, जिनसे पूछताछ जारी है।

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, गिरफ्तार किए गए कई लोग सालों से यहां मजदूरी या दूसरी छोटी-बड़ी नौकरियों के बहाने स्थानीय लोगों के साथ घुलमिलकर रह रहे थे। इस ऑपरेशन से न सिर्फ घुसपैठियों का बल्कि स्थानीय एजेंटों के एक बड़े नेटवर्क का भी पर्दाफाश होने की उम्मीद है, जो उन्हें गैर-कानूनी तरीके से भारत में तस्करी करके लाते थे, उन्हें नकली पहचान पत्र देते थे और उन्हें पनाह देते थे।



माइण्ड केयर सेन्टर
MIND CARE & E.E.G. CLINIC
डॉ० दिनेश पाण्डेय
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (साइकियाट्री) बी.एच.यू.
(वरिष्ठ मानसिक रोग विशेषज्ञ एवं न्यूरोफिजिशियन)
सम्पर्क सूत्रः- 9415203047, 9506699099
मिर्जापुर रोड, निकट-सिटी स्टेशन रेलवे क्रासिंग, पुल के नीचे
जौनपुर दिन- बुधवार, शुक्रवार एवं रविवार (समय-10 बजे से 5 बजे तक) मो0- 8934932805
लालगंज स्टेट बैंक के सामने, बाईपास रोड, लालगंज, आजमगढ़ (दिन-प्रत्येक वृहस्पतिवार (समय-11 बजे से 4 बजे तक) मो0- 9415203047
वाराणसी D33, शिवाजी नगर कालोनी महमूरगंज (आकाशवाणी के पीछे) सोम-मंगल : सुबह 10 से 2 सुबह/शाम (प्रतिदिन) 6 बजे से 8 बजे तक मो0-9415217568, 9415203047
भदोही भदोही ब्लाक के सामने रेवड़ा फाटक रेलवे क्रासिंग के पास, भदोही दिन- प्रत्येक शनिवार समय 10 बजे से 4 बजे तक मो0-9621979101, 9415203047


# बेटे ने पड़ोसी दुकानदार के साथ मिलकर रची साजिश और खुद भी मारा गया

**प्रयागराज हत्याकाण्ड का खुलासा**

**प्रयागराज, 03 जून।** कोतवाली थाना क्षेत्र के साउथ मलाका चौराहे पर हुई व्यवसायी 70 वर्षीय वीरेंद्र वैश्य, 65 वर्षीय उनकी पत्नी अनीता, 40 वर्षीय पुत्री मीनाक्षी व 38 वर्षीय पुत्र अभिषेक की हत्या का राजफाश पुलिस ने कर दिया है। मकान के ग्राउंड फ्लोर में समोसा-पकौड़ा की दुकान चलाने वाले सनी गुप्ता को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार पूछताछ में उसने बताया कि अभिषेक से उसकी दोस्ती थी और संपत्ति व रुपये के लालच में उसने वारदात को अंजाम दिया।

पहले अभिषेक के साथ मिलकर उसके माता-पिता व बहन को मौत के घाट उतारा और लूट के डेढ़ करोड़ के आभूषण के बंटवारे को लेकर अभिषेक की हत्या कर दी। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त लोहे की रॉड को भी बरामद कर लिया है।



**बेटे अश्वनी को पहले ही कर दिया था संपत्ति से बेदखल:** वीरेंद्र वैश्य अपने एक पुत्र अश्वनी को पहले ही संपत्ति से बेदखल कर चुके थे। दूसरे पुत्र अभिषेक की भी आदत ठीक नहीं थी, जिस कारण उसे भी बेदखल करने की धमकी देते थे। पूरी संपत्ति वह अविवाहित पुत्री मीनाक्षी को देने की बात करते थे। इससे अभिषेक और उसके पिता के बीच विवाद होता था। अभिषेक को लगता था कि अश्वनी की तरह ही उसे भी कहीं अगर पिता ने बेदखल कर दिया तो वह कहीं का नहीं रहेगा। इसलिए उसने पड़ोस में दुकान चलाने वाले सनी गुप्ता निवासी मुट्ठीगंज से मेलजोल बढ़ाया। रविवार दोपहर उसने सनी को अपनी दुकान में बुलाया। दोनों ने यहां बैठकर बातचीत की। इसके बाद दिन ढलते ही दूसरी मंजिल पर जाकर वीरेंद्र, अनीता व मीनाक्षी के सिर पर लोहे के रॉड से प्रहार कर हत्या कर दी।


20 Year
750/916 Hallmark Jewellery
BIS हालमार्क रजिस्टर्ड एक्सक्लूसिव शोरूम
HUID HALLMARK
आपके विश्वास व शुद्धता पर खरा
99 19 7320 11
उमाशंकर लाइट हाउस का प्रतिष्ठान
उमाशंकर ज्वेलर्स
संजीव साहू
हरलालका रोड, जौनपुर-222001
RuPay VISA G Pay द्वारा पेमेन्ट की सुविधा उपलब्ध है।

### आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण में देरी पर हुई कार्रवाई, कई अधिकारियों का रोका वेतन

# बड़ी कार्रवाई : लापरवाही पर लेखपाल निलंबित

तरूणमित्र न्यूज

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के निर्देशन में जनपद में प्रशासनिक कार्यों की नियमित समीक्षा के दौरान लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण न करने, अंश निर्धारण के मामलों में अपेक्षित प्रगति न लाने के मामले में लेखपाल मदन मोहन यादव के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की गई है। उप जिलाधिकारी रॉबर्ट्सगंज द्वारा जारी आदेश के अनुसार, क्षेत्र सुरसत खुर्द, राजस्व निरीक्षक क्षेत्र रायपुर में तैनात लेखपाल मदन मोहन यादव को प्रथम दृष्ट्या दोषी पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है तथा उनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है।

जारी आदेश में उल्लेख किया गया है कि आईजीआरएस पोर्टल पर लंबित संदर्भों का समय से निस्तारण नहीं किया गया, अंश निर्धारण के कार्यों में शिथिलता बरती गई। इन मामलों को गंभीर प्रशासनिक लापरवाही मानते हुए यह कार्रवाई की गई है। इसी प्रकार से



तहसीलदार सदर, तहसीलदार ओबरा, तहसीलदार घोरावल, तहसीलदार दुद्धी, क्षेत्रिय प्रदूषण अधिकारी, को स्पष्टीकरण जारी किया गया है। इसी क्रम में अधीक्षण अभियन्ता जल निगम ग्रामीण, अधिशासी अभियन्ता विद्युत पिपरी, क्षेत्रिय वना अधिकारी वन प्रभाग सोनभद्र (एस0डी0ओ0), अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत डाला, क्षेत्रिय वना अधिकारी बन प्रभाग ओबरा, लेखपाल तिलौली कला, लेखपाल बैराखड़, लेखपाल पिड़ारी, लेखपाल पतरिहा, लेखपाल चौना, लेखपाल घिवाही, लेखपाल सलहीयाडीह, लेखपाल मारकुण्डी, लेखपाल अइलकर, लेखपाल सुकृत, लेखपाल व्यवहारी, लेखपाल जेन्दी, लेखपाल चिन्तामानपुर, लेखपाल परही, लेखपाल मधुपुर, लेखपाल गुल्लीडाढ़, लेखपाल बट्ट, खण्ड विकास अधिकारी रावर्टसगंज, थानाध्यक्ष बभनी, अधिशासी अभियन्ता मीरजापुर नहर प्रखण्ड को जून माह का वेतन भुगतान पर रोक लगायी गयी है।

अत्यधिक असंन्तुष्ट फीडबैक प्राप्त होने व आई0जी0आर0एस0 पर प्राप्त शिकायतो का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न किये जाने के सम्बन्ध में जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने स्पष्ट किया है कि जन शिकायतों के निस्तारण, राजस्व मामलों और न्यायालयीय कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। शासन की प्राथमिकताओं एवं जनहित से जुड़े मामलों में शिथिलता बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## जनरेटर आपरेटर की मिली लाश, जांच में जुटी पुलिस

**मीरजापुर।** नगर के एक मकान के कमरे में एक व्यक्ति की संदिग्धावस्था में शव में मिलने से सनसनी फ़ैल गई है। नगर के बीच शहर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत रामबाग मोहल्ले में स्थित पेट्रोल पंप के बगल का मामला बताया गया है। सूचना होने पर फौरन पहुंची पुलिस ने आवश्यक पूछताछ के पश्चात शव को कब्जे में ले लिया है।

फिलहाल मृतक की पहचान राकेश पटेल 50 वर्ष निवासी मऊगंज मध्यप्रदेश के रुप में हुई है। बताया जा रहा है कि राकेश पटेल पिछले तीन दशक से शहर कोतवाली क्षेत्र के रामबाग में ओमप्रकाश यादव के मकान में परिवार सहित रहकर वह न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी में बतौर जनरेटर आपरेटर के पद पर कार्यरत थे। मकान के एक कमरे में उनकी लाश मिलने से हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस द्वारा परिजनों को सूचना दे दी गई है। उनकी मौत किन परिस्थितियों में और कैसे हुई है पुलिस शव को कब्जे में लेकर हर पहलुओं की जांच करने में जुटी हुई है।

## जनगणना कार्य में लापरवाही पर 48 प्रगणकों का वेतन रोका गया

### दो दिवस में प्रगति सुधारने के निर्देश, अन्यथा होगी कठोर कार्रवाई

तरूणमित्र न्यूज

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनगणना के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकान गणना कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान जनपद की चारों तहसीलों में कार्यरत प्रगणकों एवं संबंधित अधिकारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों का विस्तृत मूल्यांकन किया गया। बैठक में पाया गया कि कुल 48 प्रगणकों द्वारा आवंटित प्रगणना ब्लॉकों में प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकान गणना कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं हुई है। इन 48 प्रगणको में रावर्टसगंज के 19, घोरावल के 10, दुद्धी के 10, ओबरा तहसील 09 सम्मलित है।

प्रगणकों द्वारा एच0एल0ओ0 एप पर परिवारों की संख्या संबंधी आंकड़ों का लिंक नहीं किया गया है, जिससे कार्य की प्रगति अत्यंत धीमी पाई गई। इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित 48 प्रगणकों के वेतन भुगतान पर अग्रिम आदेशों तक रोक लगाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित चार्ज अधिकारियों, सुपरवाइजरों एवं प्रगणकों को निर्देशित किया कि आगामी दो दिवस के भीतर कार्य में उल्लेखनीय प्रगति सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि निर्धारित अवधि में अपेक्षित सुधार न होने पर संबंधित कार्मिकों के विरुद्ध कठोर प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

समीक्षा के दौरान ग्रासिम इंडस्ट्री से संबंधित चार्ज अधिकारियों की प्रगति भी संतोषजनक नहीं पाई गई। जिसपर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए तथा जनगणना कार्य को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने पर विशेष तेजी लाने के निर्देश दिये।

## किरबिल की 132/33 केवीए की लाईन सफलतापूर्वक चार्ज

**सोनभद्र।** कई वर्षो से बन रहा किरबिल सबस्टेशन किरबिल में स्थापित 132/33 ट्रांसमिशन की लाईन चार्ज कर लिया गया। एसडीओ म्योरपुर शिवम गुप्ता ने बताया की 132 केवीए किरबिल म्योरपुर लाईन 40 एमवीए पॉवर ट्रांसफार्मर चार्ज हो गया है।

इस लाइन को चालू होने से सुचारु रुप से म्योरपुर के उपभोक्ता करीब 32,000 उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति का लाभ मिलेगा। किरबील से बिजली आपूर्ती चालू होने से उपभोगताओ में उम्मीद जगी है। की अब रोस्टर के अनुसार 18 घंटा ग्रामीण क्षेत्रो में निर्बाध आपूर्ती मिलेगी। जिससे लोगो को इस भीषण गर्मी में काफी सहूलियत व राहत मिलेगी स इस सराहनीय कार्य से एसडीओ शिवम गुप्ता की चारों तरफ सराहना की जा रही है।

## जयमाल के बाद दूल्हा बाइक से फरार, कन्या पक्ष ने युवक के पिता संग 3 गाड़ियों को बनाया बंधक

**मड़िहान/मीरजापुर।** मड़िहान थाना क्षेत्र के एक गांव में बुधवार भोर शादी समारोह में उस वक्त हंगामा मच गया जब जयमाल के बाद दूल्हा अपने दो साथियों के साथ बाइक से फरार हो गया। गुस्साए लड़की पक्ष ने दूल्हे के पिता समेत बारातियों और तीन गाड़ियों को बंधक बना लिया। सूचना पर पहुंची पीआरबी पुलिस कोरम पूरा कर थाने आने की बात कहकर लौट गई। प्रयागराज जनपद के हरगढ़ निवासी राजमणि के मझले पुत्र अशोक की बारात मंगलवार शाम सात बजे चली थी। रात करीब 12 बजे 50 बारातियों के साथ छह गाड़ियों से मड़िहान थाना क्षेत्र के एक गांव पहुंची।

रात दो बजे द्वारपूजा और उसके बाद जयमाल का कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। दूल्हे का बड़ा भाई विक्रम शादी में शामिल नहीं हुआ था, छोटा भाई रघुनंदन बारात में आया था। कन्या के दादा ने बताया कि जैसे ही वर-वधू विवाह के लिए मंडप में बैठे, घर की महिलाओं में कपड़े और जेवरात को लेकर कानाफूसी शुरू हो गई। आरोप है कि इसी बात से नाराज दूल्हा अशोक भोर करीब चार बजे अपने दो साथियों के साथ बाइक लेकर चुपचाप फरार हो गया। बताया कि पुत्र ने 19 वर्षीय पोती का रिश्ता हरगढ़ में तय किया था। 20 मई को लड़के की जिद पर कर्ज लेकर डेढ़ लाख रुपये की पल्सर बाइक खरीदकर तिलक चढ़ाने गए थे।

साथ में 06 हजार रुपये नकद और सगुन के रूप में फल, फूल, मिठाई भी दी थी। तय मुहूर्त पर बारात भी आई लेकिन फेरे से पहले ही दूल्हा दहेज की बाइक लेकर भाग गया। दूल्हे के फरार होते ही शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। आक्रोशित परिजनों ने दूल्हे के पिता और तीन गाड़ियों को गांव में ही बैठा लिया। लड़की की मां के साथ युवती का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना पर पीआरबी 112 पहुंची लेकिन कार्रवाई के नाम पर थाने पर प्रार्थना पत्र देने की बात कहकर लौट गई। पीड़ित पिता ने कहा कि बेटी की शादी के लिए कर्ज लेकर हर इंतजाम किया था। तिलक में दूल्हे की मांग पर बाइक तक दी। अब इज्जत के साथ रुपये भी डूब गए। फिलहाल गांव में तनाव का माहौल है।



## कार्यालय नगर पंचायत मछलीशहर, जौनपुर

पत्रांक: 571/ नि0सू0 / 2026-27 दिनांक: 03.06.2026

### अल्पकालिक निविदा

नगर पंचायत मछलीशहर जौनपुर के समस्त पंजीकृत एवं शासनादेश सं0 3890/नौ-5-19-149सा/2019 लखनऊ दिनांक 20.09.2019 के अनुसार ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत मछलीशहर सीमान्तर्गत राज्य वित्त आयोग की संस्तुतियों के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निम्नलिखित प्रस्तावित कार्यों हेतु दिनांक 15.06.2026 को समय अपरान्ह 01.00 बजे से 3.00 तक नगर पंचायत कार्यालय में सील बन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाएं उसी दिन अपरान्ह 04.00 बजे निविदादाताओं/उनके प्रतिनिधियों के उपस्थिति में खोली व पढ़ी जाएगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री कार्यालय दिवस में दिनांक 15.06.2026 तक की जाएगी। निविदा के साथ निर्धारित धरोहर धनराशि का एफडीआर/एनएससी जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत मछलीशहर के नाम से बन्धक होगा अथवा नकद जमा धनराशि की रसीद संलग्न करना अनिवार्य है, अन्यथा निविदा पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। यदि किसी कारणवश निविदा तिथि को सार्वजनिक अवकाश घोषित होता है तो अगले कार्य दिवस में यथावत निविदा खोली व पढ़ी जायेगी।

**कार्य विवरण**

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | आगणन धनराशि | जमानत | निविदा मूल्य + जी.एस.टी. | कार्यवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | वार्ड सा0ग0द0 में वादशापुर चौराहे पर स्थित तालाब पर दिवाल व रेलिंग पेंटिंग व रिवाल्विंग गेट, पीछे दिवाल पर फेसिंग तार व पौधो के बगल फेसिंग जाली लगाने का कार्य। | 4,93,747.00 | 49,400.00 | 590.00 | 1 माह |
| 2 | नगर पंचायत में आफिस परिसर में शौचालय निर्माण कार्य। | 4,98,420.00 | 49,900.00 | 590.00 | 1 माह |
| 3 | नगर पंचायत में आफिस परिसर में शौचालय में दिवाल व जमीन पर टाइल प्लम्बरिंग व मम्मटी का निर्माण कार्य। | 4,01,049.00 | 40,200.00 | 590.00 | 1 माह |
| 4 | नगर पंचायत में जर्जर स्टोर रूम का ध्वस्तीकरण व इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 4,98,253.00 | 49,900.00 | 590.00 | 1 माह |
| 5 | नगर पंचायत में आफिस परिसर में छत पर ग्रेनाइट व टाइल लगाने का कार्य। | 4,09,247.00 | 41,000.00 | 590.00 | 1 माह |
| 6 | नगर पंचायत में आफिस परिसर के बाउण्ड्रीवाल का प्लास्टर, पेटिंग व दिवाल पर लैम्प लाईट लगाने का कार्य। | 4,99,818.00 | 50,000.00 | 590.00 | 1 माह |
| 7 | नगर पंचायत में आफिस परिसर के सीढ़ी पर ग्लास व रूम हेतु पैनल ग्लास लगाने का कार्य। | 4,50,432.00 | 45,100.00 | 590.00 | 1 माह |
| 8 | स्वच्छ सर्वेक्षण 2026-27 के अन्तर्गत नगर पंचायत आफिस परिसर के दिवाल पर व जलकल कैम्पस की दिवाल पर वाल पेंटिंग एवं चित्र बनाने का कार्य। | 4,91,352.00 | 49,200.00 | 590.00 | 1 माह |
| 9 | स्वच्छ सर्वेक्षण 2026-27 के अन्तर्गत बस स्टैण्ड के दिवाल पर एम0एम0आर0 सेंटर के दिवाल पर पेंटिंग एवं चित्र बनाने का कार्य। | 4,99,820.00 | 50,000.00 | 590.00 | 1 माह |
| 10 | नगर पंचायत में आफिस परिसर के हाल में एलुमिनियम सहित ए0सी0पी0 से पार्टीशन दिवाल का कार्य। | 3,01,868.00 | 30,200.00 | 472.00 | 1 माह |
| 11 | नगर पंचायत में आफिस परिसर के गेट पर साइनिंग बोर्ड लगाने का कार्य। | 4,99,742.00 | 50,000.00 | 590.00 | 1 माह |
| 12 | नगर पंचायत में आफिस परिसर में पिलर सहित स्लाइडर गेट लगाने का कार्य। | 4,98,923.00 | 49,900.00 | 590.00 | 1 माह |

**मुख्य नियम व शर्तें-**

1. सशर्त निविदा मान्य नहीं होगी और स्वत: निरस्त समझी जायेगी।
2. प्रत्येक निविदा के साथ 10 प्रतिशत धरोहर धनराशि एफडीआर / एनएससी की मूल प्रति अथवा नकद जमा रसीद की मूल प्रति जमा करना अनिवार्य होगा तभी कार्यादेश निर्गत किया जाएगा।
3. प्रत्येक निविदा के साथ श्रम पंजीकरण, जी.एस.टी. पंजीकरण व आयकर पंजीकरण, चरित्र प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छाया प्रति संलग्न करना होगा।
4. निर्माण कार्यों के सम्बन्ध में अपर मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन नगर विकास अनुभाग-9 के पत्रांक 1319/नौ-9-2021-45ज/21 लखनऊ दिनांक 30 जून 2021 निर्गत मानक संचालन प्रक्रिया (एस0ओ0पी0) में वर्णित समस्त शर्तों का अनुपालन निविदादाताओ को करना होगा।
5. नियमानुसार आयकर एवं अन्य करों की कटौती की जाएगी।
6. कार्य सन्तोषजनक होने की स्थिति में ही भुगतान की कार्यवाही की जायेगी।
7. अध्यक्ष, नगर पंचायत मछलीशहर को बगैर कारण बताये किसी भी निविदा/समस्त निविदाओ को निरस्त करने का अधिकार होगा।
8. निविदा के संबंध में समस्त जानकारी कार्यालय अवधि में प्राप्त की जा सकती है।

**(विजय कुमार सिंह)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत मछलीशहर, जौनपुर**

पत्रांक: 571/ नि0सू0/न.पं.म.श./ 2026-27 दिनांक: 03.06.2026

**(संजय कुमार जायसवाल)**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत मछलीशहर, जौनपुर**


## दिनदहाड़े चोरी करते हुए कैमरे में कैद हुई वारदात

**लालगंज, मीरजापुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र की लहंगपुर में स्थित एक आर्नामेन्ट की दुकान पर बुधवार 11 बजे दिन में एक चोरी की घटना सामने आई है जो सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। लालगंज थाना क्षेत्र के लहंगपुर पुलिस चौकी अंतर्गत लहंगपुर बाजार में पंजाब एंड सिंध बैंक के पास आशीष कुमार सोनी की दुकान है। जहां दुकान के बाहर गैस चूल्हा के साथ स्टील की टंकी बाहर रखे थे कि एक युवक रोड के किनारे से आया और बेझिझक गैस चूल्हा उठाकर चंपत हो गया। जिस समय यह वारदात हुई उस समय दुकानदार व दुकान के कर्मचारी दुकान के अंदर थे। सामान गायब देख सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद पीड़ित दुकानदार आशीष सोनी लहंगपुर चौकी पर पहुंचकर प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित का कहना है कि अभी तक क्षेत्र में रात में चोरी होती थी लेकिन चोर इतने हौसले बुलंद हो गए हैं कि दिनदहाड़े बिना भय के दुकान से चोरी कर ले रहे हैं जिससे दुकानदारों में भय का माहौल बना है। बताते चले कि अभी हाल में ही शिवजी ज्वेलर्स की दुकान का शटर तोड़कर अज्ञात चोर लाखों की चोरी कर लिए थे यह पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में दर्ज हो गई थी। इसी प्रकार बामी गांव में दिनदहाड़े मकान का ताला तोड़कर लाखों का आभूषण चोरी हुआ था लेकिन किसी भी चोरी का खुलासा अभी तक पुलिस नहीं कर पाई।

## टेढ़ा गाँव में पीडब्ल्यूडी की बड़ी लापरवाही, धूल भरी सड़क पर ही बिछा दी अलकतरा की परत

तरूणमित्र न्यूज

**दुद्धी, सोनभद्र।** सोनभद्र जनपद के दुद्धी विकास खंड अंतर्गत टेढ़ा गाँव में पीडब्ल्यूडी (लोक निर्माण विभाग) द्वारा कराई जा रही सड़क मरम्मत कार्य में व्यापक अनियमितता और भ्रष्टाचार का मामला प्रकाश में आया है। विभाग द्वारा बिना मानकों का पालन किए, धूल और मिट्टी से सनी सड़क पर ही सीधे पेंटिंग (तारकोल-अलकतरा और गिट्टी की परत) बिछाने का काम धड़ल्ले से जारी है। ठेकेदार की इस मनमानी और घटिया निर्माण कार्य को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

टेढ़ा गाँव के स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क मरम्मत के नाम पर केवल खानापूर्ति की जा रही है। नियमों के मुताबिक, सड़क पर अलकतरा डालने से पहले उसकी अच्छी तरह सफाई की जानी चाहिए और सड़क पर बने गड्ढों को पत्थर व गिट्टी भरकर बराबर किया जाना चाहिए। लेकिन यहाँ न तो गड्ढों को भरा गया और न ही धूल साफ की गई। धूल भरी जमीन पर ही सीधे पेंटिंग का काम किया जा रहा है, जिससे गिट्टियां सड़क से चिपक नहीं रही हैं।



मानकविहीन सड़क को दिखाता ग्रामीण

लापरवाही का आलम यह है कि सड़क बनने के तुरंत बाद ही उसकी गिट्टियां उखड़ने लगी हैं। ग्रामीणों ने रोष जताते हुए दिखाया कि पैर से रगड़ने पर ही नई बनी सड़क की गिट्टियां और तारकोल अलग हो रहे हैं। हल्की बारिश या भारी वाहनों के गुजरते ही यह सड़क पूरी तरह से ध्वस्त हो जाएगी। सरकारी धन का इस तरह दुरुपयोग देखकर ग्रामीण बेहद आहत हैं।

टेढ़ा गाँव के अब्दुल मजीद, गोरखनाथ, बृज किशोर, कृष्ण कुमार, संतोष सहित अन्य ग्रामीणों ने घटिया निर्माण कार्य को लेकर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठाए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि उच्च अधिकारियों द्वारा इस निर्माण कार्य की तुरंत जांच नहीं कराई गई और मानक के अनुसार काम दोबारा नहीं शुरू हुआ, तो वे इस मामले की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल से लेकर जिला प्रशासन तक करेंगे। इस संबंध में पीडब्लूडी विभाग के जेई पीके मिश्रा ने बताया कि गुणवत्तायुक्त सड़क निर्माण के निर्देश दिए गए हैं,अगर कहीं कोई कमी हैं तो उसको सही करा दिया जाएगा।

## महिला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु एनटीपीसी विंध्याचल की पहल

तरूणमित्र न्यूज

**सोनभ्र।** एनटीपीसी विंध्याचल ने अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य एवं स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 03 जून 2026 को गहिलगढ़ पश्चिम आंगनवाड़ी केंद्र में ग्रामीण महिलाओं एवं किशोरियों के लिए मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में डॉ. मयूराक्षी भराली, प्रबंधक (चिकित्सा) ने प्रतिभागियों को मासिक धर्म के दौरान स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों, स्वच्छता के महत्व तथा संक्रमण एवं अन्य स्वास्थ्य जटिलताओं से बचाव के उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

इस अवसर पर लगभग 200 महिलाओं एवं किशोरियों को नि:शुल्क सैनिटरी पैड वितरित किए गए तथा उनके सही उपयोग एवं सुरक्षित निस्तारण के



बारे में भी मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम में डेविड देशमुख, कार्यकारी (सीएसआर), डॉ. मयूराक्षी भराली, प्रबंधक (चिकित्सा), सविता पटेल, कनिष्ठ अधिकारी (चिकित्सा) एवं देवमती बाबू नंदन बंसल, वार्ड पार्षद सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएँ तथा बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाएँ उपस्थित रहीं। यह पहल महिलाओं के स्वास्थ्य, सम्मान एवं सामुदायिक कल्याण के प्रति एनटीपीसी विंध्याचल की सतत प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## आगमन आज

**सोनभद्र।** जनपद सोनभद्र के प्रभारी मंत्री एवं उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, हंसराज विश्वकर्मा दिनांक 04 जून 2026 को जनपद सोनभद्र के भ्रमण पर रहेंगे।निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंत्री जी प्रात: 09.00 बजे वाराणसी स्थित सर्किट हाउस से प्रस्थान कर 10.30 बजे सर्किट हाउस, रॉबर्ट्सगंज, सोनभद्र पहुंचेंगे। इसके उपरांत वह जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों से मुलाकात करेंगे। प्रात: 11.00 बजे प्रभारी मंत्री कलेक्ट्रेट सभागार, रॉबर्ट्सगंज में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 05 जून से 21 जून 2026 तक आयोजित होने वाले जनकल्याण एवं जनजागरूकता अभियान के संबंध में प्रशासनिक समन्वय समिति एवं कोर कमेटी की तैयारी एवं समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

## टीजीटी परीक्षा : दोनों ही पाली में 1790 अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित

**भदोही।** जनपद में बुधवार को आयोजित प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) परीक्षा को नकलविहीन, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से डीएम शैलेश कुमार एवं एसपी अभिनव त्यागी ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने ज्ञानपुर स्थित काशी नरेश राजकीय महाविद्यालय तथा जिला पंचायत बालिका इंटर कॉलेज पहुंचकर परीक्षा संचालन, सुरक्षा व्यवस्था एवं अभ्यर्थियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम एवं एसपी ने परीक्षा कक्षों में जाकर परीक्षा की स्थिति का अवलोकन किया तथा परीक्षार्थियों से भी संवाद स्थापित कर उनकी सुविधाओं एवं परीक्षा संबंधी व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों, कक्ष निरीक्षकों तथा तैनात मजिस्ट्रेटों से परीक्षा संचालन की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी लेते हुए सभी निर्धारित दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## विश्व साइकिल दिवस पर गोपीगंज में निकली साइकिल रैली

**भदोही।** विश्व साइकिल दिवस पर बुधवार को गोपीगंज के राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित बड़े चौराहे से भदोही साइकिलिंग क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष अताउल मुस्तफा अंसारी के नेतृत्व में नगर में साइकिल रैली निकाली गई। साइकिल रैली निकालने का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, ईंधन बचत और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति लोगों को जागरूक करना था।

इस दौरान रैली बड़े चौराहे से निकलकर शहीद तिराहा, कांजी हाउस, आजाद नगर, झिलियापुल, गोपपुर, पर्वतपुर, अमवा ट्यूबवेल और अमवा माफी सहित विभिन्न क्षेत्रों से होकर गुजरी। रैली के दौरान पर्यावरण और स्वास्थ्य से जुड़े संदेशों का प्रचार किया गया। रैली का समापन अमवा माफी में समाजसेवी जगदीश यादव के आवास पर हुआ। इस दौरान प्रतिभागियों ने स्वस्थ और स्वच्छ समाज निर्माण तथा पूरे उत्तर प्रदेश को स्वस्थ बनाने का संकल्प लिया। वहीं क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष अताउल मुस्तफा अंसारी ने विश्व साइकिल दिवस



की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि साइकिल सबसे सुलभ, किफायती और पर्यावरण अनुकूल परिवहन का साधन है। उन्होंने लोगों से अपील की कि छोटी दूरी की यात्राओं के लिए साइकिल का अधिक से अधिक उपयोग करें, जिससे प्रदूषण कम होगा और स्वास्थ्य बेहतर रहेगा। इस मौके पर सरफराज अहमद, प्रमोद मौर्य, श्यामसुंदर बिंद, महेंद्र यादव, मैनुद्दीन, राजू बाजीगर, आजम अंसारी, जिगर गुप्ता, शमसुल आरफीन, अनिकेत मौर्या, रितिक कनौजिया, आशीष बिंद, मो.इमरान आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# काशी विद्यापीठ को भारतीय संस्थान रैंकिंग प्रणाली में देश में आठवां एवं प्रदेश में पहला स्थान

## विश्वविद्यालय के लिए अत्यन्त गौरव का पल : कुलपति प्रो आनन्द कुमार त्यागी


प्रो आनंद त्यागी

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ को भारतीय संस्थान रैंकिंग प्रणाली (आई.आई.आर.एफ.) में खेल क्षेत्र की उपलब्धियों को आधार बनाते हुए राष्ट्रीय स्तर पर आठवां तथा प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान मिला है। इस मौके पर काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रो आनन्द कुमार त्यागी ने विश्वविद्यालय परिवार को बधाई देते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालय के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि एवं गौरव का पल है। साथ ही प्रो आनंद त्यागी ने कहा कि देश भर के विश्वविद्यालयों, उच्च शिक्षण संस्थानों में आज खेल के प्रति जागरूकता में तेजी आयी है।

क्रीड़ा परिषद, काशी विद्यापीठ की सचिव डॉ उर्जस्विता सिंह ने बताया कि भारत के विश्वविद्यालयों एवं संस्थाओं की शिक्षा तथा अन्य क्षेत्रों में रैंकिंग निर्धारित करने वाली संस्था भारतीय संस्थान रैंकिंग प्रणाली द्वारा खेल के क्षेत्र में भारत के विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों के रैंकिंग का निर्धारण करते हुए, वर्ष 2025 हेतु विश्वविद्यालय के खेल क्षेत्र की उपलब्धियों को आधार बनाते हुए महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ को राष्ट्रीय स्तर पर आठवां तथा प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्रदान किया है, जो विश्वविद्यालय परिवार के लिए अत्यन्त गौरव की बात है। डॉ उर्जस्विता सिंह ने बताया कि आई.आई.आर.एफ. देश के सभी उच्च शिक्षण संस्थानों एवं विश्वविद्यालयों में प्रत्येक वर्ष विभिन्न श्रेणियों में यह वार्षिक रैंकिंग जारी करती है। यह सूची केन्द्रीय विश्वविद्यालय, राज्य विश्वविद्यालय एवं निजी विश्वविद्यालयों को लेकर बनाई जाती है। गौरतलब है कि काशी विद्यापीठ के ऊपर के सभी सात संस्थान स्पोर्ट्स संस्थान हैं। इस दृष्टि से यदि देखा जाए तो महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ ने खेल के क्षेत्र में अपनी योग्यता को देश के उन संस्थानों को भी पीछे छोड़ दिया है, जो संस्थान स्पोर्ट्स के लिए ही बनाये गये हैं। अतः गैर-खेल विश्वविद्यालय होकर भी प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल करना निश्चय ही सराहनीय है। बता दें कि वर्ष 2025 में विश्वविद्यालय के प्रतिभागी खिलाड़ियों ने आल इण्डिया इण्टर यूनिवर्सिटी, नार्थ ईस्ट जोन तथा ईस्ट जोन में कुल 08 स्वर्ण पदक, 14 रजत पदक तथा 25 कांस्य पदक, कुल मिलाकर 47 पदक प्राप्त किए। इस उपलब्धि पर कुलसचिव डॉ. सुनीता पाण्डेय, क्रीड़ा परिषद के उपाध्यक्ष प्रो ब्रजेश कुमार सिंह, वित्त अधिकारी हरिशंकर मिश्रा, परीक्षा नियंत्रक दीप्ति मिश्रा, कुलानुशासक प्रो के.के. सिंह, डॉ राधेश्याम राय, कु बीना, डॉ अमरेन्द्र कुमार सिंह, गणेश कुमार, राम लाल, ओंकार नाथ, अरविन्द कुमार, संतोष कुमार आदि लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की।

# भाजपा के मंत्रियों, विधायकों व पार्टी पदाधिकारियों ने सभा कर व्यक्त किया अपना आक्रोश

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए मुख्यमंत्री के नाम प्रेषित ज्ञापन सौंपा


एडीएम को ज्ञापन सौंपते मंत्री डॉ दयाशंकर मिश्र दयालु, मंत्री हँसराज विश्वकर्मा, विधायक डॉ अवधेश सिंह, विधायक धर्मेंद्र राय, क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल, जिलाध्यक्ष रामशकल पटेल, महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि व अन्य भाजपा जन

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबंध में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय द्वारा की गई टिप्पणी को लेकर भाजपा वाराणसी जिला एवं महानगर इकाई ने बुधवार को कचहरी स्थित जिला मुख्यालय पर आक्रोश सभा आयोजित की। नेताओं ने इसे प्रधानमंत्री, काशी की जनता और लोकतांत्रिक मर्यादाओं का अपमान बताते हुए अजय राय के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। भाजपा काशी क्षेत्र अध्यक्ष दिलीप पटेल की अध्यक्षता में आयोजित सभा में प्रदेश सरकार के मंत्री, विधायक, जनप्रतिनिधि एवं संगठन पदाधिकारियों ने कांग्रेस और उसके नेतृत्व के खिलाफ तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। सभा के बाद मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी नगर राजेश कुमार को सौंपा गया।

सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश सरकार में स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री रविंद्र जायसवाल ने कहा कि चुनावों में लगातार पराजित होने से हताश होकर अजय राय ने मानसिक संतुलन खो दिया है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति विधानसभा चुनाव तक नहीं जीत सका, वह प्रधानमंत्री के खिलाफ चुनाव लड़कर जीत का सपना देख रहा है जो इस जन्म में पूरा नहीं हो सकता। पिंडरा विधायक डॉ. अवधेश सिंह ने कहा कि भाजपा के साधारण कार्यकर्ता भी अजय राय को चुनावी मैदान में पराजित कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति की गई टिप्पणी को काशी की जनता कभी स्वीकार नहीं करेगी और कांग्रेस को इसका राजनीतिक मूल्य चुकाना पड़ेगा। विधान परिषद सदस्य धर्मेंद्र राय ने कहा कि प्रधानमंत्री के खिलाफ अपमानजनक भाषा का प्रयोग करने वालों की राजनीति लंबे समय तक नहीं चलती। उन्होंने अजय राय को राजनीतिक मर्यादाओं का पालन करने की नसीहत दी।विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व लगातार जनता का विश्वास खोता जा रहा है।पूर्व विधायक सुरेंद्र नारायण सिंह (ओढ़े) ने कहा कि अजय राय को उनकी अपनी बिरादरी का भी अपेक्षित समर्थन नहीं मिला। पूर्व सांसद राजेश मिश्रा ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पर गंभीर राजनीतिक आरोप लगाते हुए कहा कि जनता उनके वास्तविक चरित्र को भली-भांति जानती है। प्रदेश मंत्री मीना चौबे ने कहा कि जब व्यक्ति का विवेक समाप्त हो जाता है, तब वह अनुचित भाषा और व्यवहार का सहारा लेता है।

पूर्व महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय ने कहा कि कांग्रेस की हताशा अब उसकी भाषा और व्यवहार में स्पष्ट दिखाई देने लगी है। उन्होंने आरोप लगाया कि जनता द्वारा लगातार नकारे जाने के कारण कांग्रेस के नेता मर्यादाओं का उल्लंघन कर रहे हैं। प्रदेश प्रवक्ता अशोक पांडेय ने कांग्रेस नेतृत्व पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जनता ऐसे बयानों को गंभीरता से नहीं लेती। सभा का संचालन सुरेश सिंह ने किया।कार्यक्रम के अंत में काशी क्षेत्र अध्यक्ष दिलीप पटेल ने स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु', राज्यमंत्री हंसराज विश्वकर्मा, महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि, जिलाध्यक्ष रामसकल पटेल, विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी, महापौर अशोक तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य सहित अनेक भाजपा नेताओं की उपस्थिति में मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी नगर राजेश कुमार को सौंपते हुए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। सभा में प्रमुख रूप से शंकर गिरी, विद्यासागर राय, मृदुला जायसवाल, डॉ. वीणा पांडेय, सुदामा पटेल, सुरेश सिंह,नवरतन राठी, सुरेन्द्र पटेल, संतोष सोलापुरकर, अशोक राय, राम प्रकाश दुबे, अजय सिंह मुन्ना, प्रेम कपूर, संजय सिंह, पवन सिंह, राकेश सिंह अलगू, संजय सोनकर, प्रवीण सिंह गौतम, जेपी दुबे, जगदीश त्रिपाठी, अशोक जाटव, चंद्रशेखर उपाध्याय, मधुकर चित्रांश, अशोक यादव, आत्मा विश्वेश्वर, राजेश त्रिवेदी, समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सीएमओ ने सीएचसी अराजीलाइन का किया औचक निरीक्षण, नाराज़गी जता दिए निर्देश

## अधीक्षक से मांगा गया स्पष्टीकरण, वेतन किया गया अवरुद्ध


औचक निरीक्षण के दौरान पत्रावलियों को चेक करते नवागत सीएमओ डॉ संतोष कुमार सिंह

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मुकेश कुमार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अराजीलाइन का बुधवार को औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं, कर्मचारियों की उपस्थिति, स्वच्छता व्यवस्था एवं विभिन्न कार्यक्रमों का जायज़ा लिया। निरीक्षण के दौरान प्रातः 8:45 बजे तक कुछ चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ को छोड़कर अधिकांश कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए, जिस पर उन्होंने गहरी नाराज़गी व्यक्त की। निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय परिसर एवं विभिन्न विभागों में साफ-सफाई की स्थिति भी संतोषजनक नहीं पाई गई। इस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

सीएमओ ने चिकित्सालय की प्रशासनिक एवं व्यवस्थागत कमियों को गंभीरता से लेते हुए अधीक्षक डॉ संतोष कुमार सिंह से स्पष्टीकरण तलब किया। साथ ही उत्तर प्राप्त होने तक उनका वेतन अवरुद्ध करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य संस्थानों में अनुशासन, समयपालन एवं गुणवत्ता युक्त सेवाएं सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि चिकित्सालय में बाल रोग विशेषज्ञ की तैनाती होने के बावजूद प्रसव कक्ष से एक नवजात शिशु को उच्च केंद्र के लिए संदर्भित किया गया था। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने इस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए संबंधित चिकित्सकों एवं अधिकारियों से स्पष्ट कारण सहित रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। सीएचसी कोल्ड चेन प्वाइंट के निरीक्षण के दौरान वैक्सीन वितरण संबंधी रजिस्टर अद्यतन नहीं पाए गए तथा वितरण की प्रविष्टियां निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अंकित नहीं थीं। इस संबंध में संबंधित कर्मचारी से स्पष्टीकरण मांगा गया तथा अभिलेखों के नियमित एवं अद्यतन रखरखाव के निर्देश दिए गए।निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी एवं जनोन्मुखी बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समय से उपस्थित रहने, स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने, अभिलेखों का सही रखरखाव करने तथा मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनपद में स्वास्थ्य संस्थानों की नियमित निगरानी जारी रहेगी तथा कार्य में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# बीएचयू की प्रो श्रद्धा सिंह हांगकांग में पढ़ेंगी शोध-पत्र



**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग की वरिष्ठ आचार्य डॉ श्रद्धा सिंह 6 जून को हांगकांग में आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में अपना शोध-पत्र प्रस्तुत करेंगी। यह संगोष्ठी साहित्य संचय शोध संवाद फाउंडेशन, दिल्ली तथा साइंस टुगेदर, हांगकांग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगी। कार्यक्रम में विश्व के विभिन्न देशों से आए साहित्यकार सहभागिता करेंगे। श्रद्धा सिंह विश्व कल्याण और भारतीय संस्कृति विषय पर अपनी बात रखेंगी।

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने स्व. विनीत राय के परिजनों से मिलकर अपनी शोक संवेदना किया व्यक्त


कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय स्व. विनीत राय के ससुराल पहुंच कर परिजनों को सांत्वना देते हुए

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने गाजीपुर के प्रतिष्ठित होटल व्यवसायी आलोक राय के पुत्र स्वर्गीय विनीत राय की निर्मम हत्या की घटना पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए वाराणसी के चंद्रिका नगर (सिगरा) स्थित उनके ससुराल पहुंचकर शोक संतप्त परिवार से मुलाकात की। उन्होंने स्व. विनीत राय की धर्मपत्नी अदिति राय, उनके बाबा वरिष्ठ अधिवक्ता बी. एन. राय तथा अन्य परिजनों से मिलकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं और उन्हें न्याय दिलाने के लिए हरसंभव संघर्ष का भरोसा दिया।

प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि युवा साथी स्व. विनीत राय की हत्या अत्यंत दुखद है उत्तर प्रदेश में लगातार बिगड़ती कानून-व्यवस्था की भयावह तस्वीर है। प्रदेश में अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि दिनदहाड़े हत्या, लूट, अपहरण और महिलाओं के विरुद्ध अपराध की घटनाएं आम होती जा रही हैं। सरकार के तमाम दावों के बावजूद आम नागरिक अपने आपको सुरक्षित महसूस नहीं कर रहा है। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री प्रदेश को अपराधमुक्त बनाने के बड़े-बड़े दावे करते हैं, लेकिन जमीनी सच्चाई यह है कि अपराधी बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। आज उत्तर प्रदेश में कानून का राज नहीं बल्कि अपराधियों का भय दिखाई देता है। सत्ता के संरक्षण और प्रशासनिक लापरवाही के कारण अपराधियों का मनोबल लगातार बढ़ रहा है। यदि सरकार अपराध नियंत्रण को लेकर गंभीर होती तो इस प्रकार की हृदयविदारक घटनाएं बार-बार सामने नहीं आतीं।एक युवा परिवार के मुखिया की इस तरह हत्या हो जाना अत्यंत पीड़ादायक है मृतक का मात्र तीन का बच्चा है। इस घटना ने हम सबको झकझोर कर रख दिया है। पीड़ित परिवार न्याय की आस में है और सरकार की जिम्मेदारी है कि वह इस मामले की निष्पक्ष, त्वरित और प्रभावी जांच कर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाए इस हत्या के पीछे की पूरी साजिश और सभी दोषियों को कानून के दायरे में लाना होगा। कांग्रेस पार्टी इस मामले को केवल एक आपराधिक घटना मानकर नहीं छोड़ेगी। न्याय मिलने तक कांग्रेस पीड़ित परिवार के साथ मजबूती से खड़ी रहेगी। यदि जांच में किसी प्रकार की लापरवाही हुई या दोषियों को बचाने का प्रयास किया गया तो कांग्रेस सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी।

## व्यापारियों संग पीस कमेटी की हुई बैठक

**सुजानगंज।** थाना परिसर सुजानगंज में क्षेत्राधिकारी बदलापुर सुनील चंद्र तिवारी की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक जिसमें क्षेत्र के व्यवसाई, पत्रकार एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। व्हाट्सएप को संबोधित करते हुए क्षेत्राधिकारी बदलापुर सुनील चंद्र तिवारी ने कहा कि अपराध और अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पुलिस और जनता में सामंजस्य स्थापित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जरायम पेशा की तरफ उन्मुख नवयुवक लोगों की जानकारी समय से अगर पुलिस को मिले तो उन्हें समझाया जा सकता है। इससे अपराधियों की नई पौध तैयार नहीं होगी। इसमें जनता का सहयोग अपेक्षित है। थाना अध्यक्ष अमित कुमार पाण्डेय ने कहा कि जनता और पुलिस के संयुक्त प्रयास से सही ग़लत के निर्णय में भी सहूलियत होगी। साथ ही साथ निर्दोष अनावश्यक रूप से परेशान नहीं होगा। पत्रकारो और वकील ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर स्थानीय प्रशासन के लोगों के अतिरिक्त तमाम लोगों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार का स्थानांतरण

**मछलीशहर।** जिलाधिकारी सैमुअल पाल एन ने मंगलवार की देर शाम उपजिलाधिकारी और तहसीलदार का स्थानांतरण किया है। अभी पिछले माह कार्यभार ग्रहण करने वाली उपजिलाधिकारी योगिता सिंह का स्थानांतरण उपजिलाधिकारी सदर के पद पर किया गया है।जबकि अतिरिक्त उपजिलाधिकारी (द्वितीय) सदर के पद पर कार्यरत अजय कुमार उपाध्याय को मछलीशहर का कार्भाभार सौंपा गया है। वहीं अपनी कार्यप्रणाली से कई माह से विवादों में घिरे तहसीलदार रवि रंजन कश्यप को स्थानांतरित कर कलेक्ट्रट स्थित संयुक्त कार्यालय से संबद्ध किया गया है। तहसीलदार के स्थानांतरण को लेकर अधिवक्ता एक माह से आंदोलित भी थे और न्यायिक कार्य से विरत भी रहे।

## ट्रक ड्राइवर को अज्ञात ट्रक ने कुचला

**जलालपुर।** क्षेत्र के बाकराबाद अपना ढाबा के समीप वाराणसी जौनपुर हाईवे पर ट्रक ड्राइवर को अज्ञात ट्रक ने कुचलकर फरार हो गया। बताते हैं कि ड्राइवर सोनू यादव पुत्र मनीष कुमार यादव निवासी भादुवा गुलामपुर निवासी विदुवा जिला एटा उत्तर प्रदेश उम्र करीब 35 वर्ष अपने ट्रक से उतर रहा था उसी समय किसी अज्ञात ट्रक एक्सीडेंट करके भाग गया है। जिससे ट्रक ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मर्चरी हाऊस जौनपुर भेज दिया, और मृतक के पारिवारिक जनों को तथा गाड़ी मालिक को टेलीफोन द्वारा सूचना दे दिया है। गाड़ी मालिक और मृतक ट्रक ड्राइवर के परिवरीजन आ रहे हैं।

# बारिश से पहले सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश


बैठक में मौजूद लोग।

**मछलीशहर।** बारिश के मौसम को देखते हुए नगर पंचायत कार्यालय में कर्मचारियों एवं सफाई कर्मियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिशासी अधिकारी (ईओ) विजय सिंह ने सभी कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नगर की साफ-सफाई में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने जलभराव और गंदगी की समस्या से निपटने के लिए नियमित सफाई कार्य सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बैठक को संबोधित करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष संजय कुमार जायसवाल ने कहा कि आने वाले समय में नगर पंचायत क्षेत्र के सभी घरों में डस्टबिन का वितरण कराया जाएगा, जिससे कूड़ा प्रबंधन व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि नगर की सफाई व्यवस्था को मजबूत करने के लिए तीन नए ट्रैक्टर भी नगर पंचायत को प्राप्त हुए हैं, जिन्हें आवश्यकता के अनुसार विभिन्न क्षेत्रों में लगाया जाएगा। अध्यक्ष ने नगरवासियों से अपील करते हुए कहा कि कूड़ा-कचरा इधर-उधर न फेंकें तथा निर्धारित स्थानों पर ही डालें, ताकि नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सके। इस अवसर पर नगर पंचायत के लिपिक प्रवेश कुमार सिंह, मनोज चौरसिया सहित सभी कर्मचारी एवं सफाई कर्मी उपस्थित रहे।

# कबाड़ की दुकान में आग लगने से लाखों की क्षति

**जौनपुर।** मड़ियाहूं तहसील क्षेत्र के नेवढ़िया थाना क्षेत्र में मंगलवार की देर रात एक कबाड़ की दुकान में भीषण आग लग गई। इस घटना में लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया।

सूचना मिलने पर दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बताते है कि नेवढ़िया बाईपास स्थित कबाड़ की दुकान के मालिक रवि गुप्ता ने बताया कि मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात करीब 1:30 बजे उन्हें आसपास के लोगों ने फोन कर दुकान में आग लगने की सूचना दी। मौके पर पहुंचने पर उन्होंने देखा कि आग की तेज लपटों ने पूरे कबाड़ को अपनी चपेट में ले लिया था और दुकान धू-धू कर जल रही थी। आग की सूचना मिलते ही नेवढ़िया पुलिस और दमकल विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस, दमकल कर्मियों और स्थानीय लोगों के संयुक्त प्रयास से आग को फैलने से रोका गया और उस पर नियंत्रण पाया गया। दुकानदार रवि गुप्ता के मुताबिक, दुकान में रखा कबाड़ और अन्य सामान जलकर राख हो गया है, जिससे उन्हें लाखों रुपये का अनुमानित नुकसान हुआ है।

# प्रसूता व नवजात मौतों पर सख्ती की मांग एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**मछलीशहर।** नगर के निजी अस्पतालों में प्रसूताओं एवं नवजात शिशुओं की बढ़ती मृत्यु की घटनाओं को लेकर बुधवार को सामाजिक कार्यकर्ता जज सिंह अन्ना ने उपजिलाधिकारी अजय कुमार उपाध्याय को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि चिकित्सकीय लापरवाही के मामलों में कठोर कार्रवाई, पीड़ित परिवारों को उचित क्षतिपूर्ति तथा अस्पतालों की जवाबदेही सुनिश्चित किए जाने की मांग की गई।जनपद जौनपुर सहित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में प्रसव के दौरान प्रसूताओं और नवजात शिशुओं की मृत्यु की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। इसके बावजूद दोषी अस्पतालों के विरुद्ध केवल औपचारिक कार्रवाई कर उन्हें अस्थायी रूप से सील कर दिया जाता है, पुनः संचालन की अनुमति मिलने से ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति होती रहती है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि चिकित्सकीय लापरवाही सिद्ध होने पर प्रसूता की मृत्यु के मामले में पीड़ित परिवार को 25 लाख रुपये तथा नवजात शिशु की मृत्यु पर पांच लाख रुपये की क्षतिपूर्ति प्रदान की जाए।

जज सिंह अन्ना ने चेतावनी दी कि शीघ्र प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो तहसील परिसर स्थित एसडीएम कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन आमरण अनशन शुरू किया जाएगा। इसके लिए प्रशासन से अनुमति भी मांगी गई है।वहीं उपजिलाधिकारी अजय कुमार उपाध्याय ने कहा कि अभी तक आमरण अनशन की कोई अनुमति नहीं दी गई है। ज्ञापन मिला है उस पर समुचित कार्यवाही के लिए संबंधित को भेज दिया जाएगा।

# सामाजिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में गुरुक्षेत्र फाउंडेशन का योगदान अहम

**जौनपुर।** देश के विभिन्न राज्यों एवं जनपदों में सामाजिक उत्थान, मानव सेवा एवं जनकल्याण के उद्देश्य से कार्यरत गुरुक्षेत्र फाउंडेशन द्वारा स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, आपदा राहत, पोषण, कौशल विकास एवं जनजागरूकता के क्षेत्र में निरंतर व्यापक स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। संस्था के विभिन्न अभियानों एवं कार्यक्रमों से अब तक हजारों परिवार एवं बड़ी संख्या में नागरिक प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित हुए हैं। फाउंडेशन द्वारा ईंट-भट्टों, श्रमिक बस्तियों, झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्रों मलिन बस्तियों एवं वंचित समुदायों के बीच नियमित रूप से पहुंचकर स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, साइबर सुरक्षा, महिला अधिकार, बाल संरक्षण एवं सामाजिक जागरूकता से संबंधित कार्यक्रम संचालित किए जाते हैं। संस्था के स्वयंसेवक श्रमिक परिवारों एवं उनके बच्चों के बीच जाकर उन्हें विभिन्न सरकारी एवं सामाजिक सुविधाओं की जानकारी भी उपलब्ध कराते हैं। महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में संस्था द्वारा किशोरियों एवं महिलाओं के लिए स्वास्थ्य एवं मासिक धर्म स्वच्छता संबंधी जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जाते हैं। आवश्यकता अनुसार उपयोगी सामग्री उपलब्ध कराते हुए महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक एवं आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जाता है। स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में संस्था द्वारा समय-समय पर स्वास्थ्य जांच शिविर, रक्तदान शिविर, नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन सहायता कार्यक्रम, स्वास्थ्य जागरूकता अभियान तथा जरूरतमंद मरीजों के सहयोग हेतु विशेष पहल संचालित की जाती हैं। इसके अतिरिक्त गर्मी, सर्दी एवं वर्षा ऋतु में विशेष राहत अभियान चलाकर जरूरतमंद नागरिकों को सहायता उपलब्ध कराई जाती है।

हाल ही में भीषण गर्मी को देखते हुए फाउंडेशन द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल, ग्लूकोज, ओआरएस, बिस्कुट, शीतल पेय, छाछ, दूध एवं अन्य राहत सामग्री का वितरण किया गया। वहीं शीतकाल में हजारों जरूरतमंद व्यक्तियों को कंबल उपलब्ध कराए गए तथा वर्षा ऋतु में रेनकोट एवं छाता वितरण जैसे कार्यक्रम संचालित किए गए। पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में संस्था द्वारा बड़े स्तर पर पौधारोपण एवं पर्यावरण जागरूकता अभियान संचालित किए जाते हैं। विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण कार्यक्रमों के माध्यम से हरित एवं स्वच्छ भारत के निर्माण की दिशा में सतत प्रयास किए जा रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र में आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद विद्यार्थियों को अध्ययन सामग्री, पुस्तकें, कॉपियां, मार्गदर्शन एवं अन्य आवश्यक शैक्षणिक सहयोग उपलब्ध कराया जाता है। कई विद्यार्थियों को उनकी शिक्षा निरंतर जारी रखने हेतु सहायता प्रदान की गई है। बाल शिक्षा एवं बाल विकास से संबंधित विशेष अभियान भी संस्था द्वारा संचालित किए जाते हैं। गुरुक्षेत्र फाउंडेशन का इंटर्नशिप कार्यक्रम भी युवाओं के बीच लोकप्रिय हो रहा है। विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों के छात्र-छात्राएं संस्था के साथ जुड़कर सामाजिक कार्यों का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त कर रहे हैं। इंटर्नशिप के माध्यम से युवाओं को नेतृत्व, सामाजिक उत्तरदायित्व, जनसंपर्क, प्रबंधन एवं सामुदायिक विकास के क्षेत्र में प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है। फाउंडेशन द्वारा किन्नर समुदाय, वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों, असहाय व्यक्तियों तथा आपदा प्रभावित परिवारों के लिए भी समय-समय पर सहायता एवं सहयोग कार्यक्रम संचालित किए जाते हैं। संस्था का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक सम्मानपूर्वक सहायता एवं अवसर पहुंचाना है। संस्था के संरक्षक इंद्रदमन उपाध्याय के नेतृत्व, अध्यक्ष विमलेश उपाध्याय के मार्गदर्शन, सचिव शुभम चतुर्वेदी, प्रदेश प्रभारी अनुपम उपाध्याय, विभिन्न प्रदेश एवं जिला पदाधिकारियों, समन्वयकों, स्वयंसेवकों, इंटर्न्स एवं सदस्यों के सामूहिक प्रयासों से देशभर में सेवा एवं जनकल्याण के कार्य निरंतर संचालित किए जा रहे हैं। फाउंडेशन ने कहा है कि मानव सेवा, सामाजिक न्याय, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं जनकल्याण के प्रति उसकी प्रतिबद्धता भविष्य में भी इसी प्रकार जारी रहेगी तथा समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता एवं अवसर पहुंचाने के लिए संस्था निरंतर कार्य करती रहेगी।

# मोबाइल ग्रुप अपराधी गैंग में हो रहे तब्दील : सीओ

**तरुणमित्र न्यूज**

**रामपुर।** थाना रामपुर परिसर में बुधवार की शाम क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूं परमानंद कुशवाहा की अध्यक्षता में व्यापारियों, पेट्रोल पंप संचालकों, पत्रकारों एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य अपराध नियंत्रण, सामाजिक सुरक्षा तथा युवाओं को अपराध की राह पर जाने से रोकने के लिए जनसहयोग प्राप्त करना था। बैठक को संबोधित करते हुए सीओ ने कहा कि वर्तमान समय में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम एवं अन्य डिजिटल माध्यमों पर बड़ी संख्या में युवाओं द्वारा विभिन्न समूह (ग्रुप) बनाए जा रहे हैं। प्रारंभ में ये ग्रुप सामान्य बातचीत और आपसी संपर्क के लिए बनाए जाते हैं, लेकिन समय के साथ कुछ समूहों के सदस्य संगठित होकर ऐसे कार्यों में संलिप्त हो जाते हैं जो कानून एवं समाज दोनों के लिए चुनौती बन सकते हैं।

पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होने पर अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की जा सकती है तथा क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा का वातावरण कायम रखा जा सकता है। बैठक में थाना रामपुर के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार, नगर पंचायत चेयरमैन विनोद कुमार जायसवाल .पेट्रोल पंप संचालक अंशुमान तिवारी, अशोक दुबे, रमेश यादव, विभिन्न समाचार पत्रों के पत्रकार, व्यापारी एवं क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बैठक के दौरान पुलिस अधिकारियों ने कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने तथा अपराध नियंत्रण के लिए जनसहयोग को अत्यंत आवश्यक।

## देवेन्द्र सिंह ने संभाला डीआईओएस का कार्यभार

**जौनपुर।** जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राकेश कुमार का तबादला होने के बाद देवेंद्र कुमार सिंह ने बुधवार को प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया। इसके पूर्व वह चंदौली में भी इसी पद पर रहे। इसके पूर्व वह जौनपुर में भी एसोसिएट डीआईओएस के रूप में कार्य कर चुके हैं। बातचीत के दौरान उन्होंने मुख्य रूप से बताया कि पठन पाठन और अध्यापकों की उपस्थिति के अलावा सभी सरकारी, सहायता प्राप्त और मान्यता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता को सुधारना हमारी प्राथमिकता होगी। प्रशासनिक व्यवस्था और सरकारी योजनाओं का सुचारू संचालन सुनिश्चित कराया जाएगा। इससे पहले कार्यालय पहुंचते ही अधिकारियों, कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया।

# अधिवक्ताओं और भाजपा नेताओं से रार तहसीलदार को पड़ा भारी

**मछलीशहर।** मुख्य राजस्व अधिकारी अजय कुमार अंबष्ट ने पांच दिन पूर्व ही शिकायतकर्ताओं को तहसीलदार के हटने का इशारा दे दिया था। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष संतोष जायसवाल और पार्टी के पूर्व जिला मीडिया प्रभारी एवं अधिवक्ता संघ मछलीशहर के ऑडिटर अनुराग सिन्हा बीते शुक्रवार को मुख्य राजस्व अधिकारी के द्वारा तहसीलदार के खिलाफ लगाए गए आरोपों की जांच के दौरान जिला मुख्यालय बुलवाए गए थे। शिकायतकर्ताओं ने उन्हें अधिवक्ताओं के दिए गए सबूत भी उपलब्ध कराए थे। वहां पर तब मुख्य राजस्व अधिकारी ने शिकायतकर्ताओं को आश्वस्त किया था कि वह जिलाधिकारी को जांच रिपोर्ट देंगे। क्योंकि शिकायतकर्ताओं ने कहा था कि तहसीलदार के वहां पर रहते हुए गंभीर आरोपों की निष्पक्ष जांच संभव नहीं है। भाजपा पिछड़ा मोर्चा के जिला अध्यक्ष द्वारा मुख्यमंत्री को प्रेषित पत्र में तहसीलदार के ऊपर स्थानीय भू-माफिया से संबंध रखने के और बीते दिनों उनके द्वारा एक होटल में मारे गए तथाकथित छापे में लीपापोती की जांच मुख्य राजस्व अधिकारी के द्वारा की जा रही है।

इसी बीच नगर में उसी भूमाफिया के द्वारा भीटा समतलीकरण का कार्य दिन-रात करवाने में भी तहसीलदार के खिलाफ आरोप लगे। जिसे भी जिलाधिकारी ने संज्ञान लिया। स्थानीय अधिवक्ता संघ द्वारा तहसीलदार के भ्रष्टाचार के खिलाफ चलाए गए एक महीने से अधिक का आंदोलन भी महत्वपूर्ण रहा है।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र का नाम भूलवश AYUSH YADAV व जन्मतिथि 20.11.2007 दर्ज हो गया है, जो गलत व अशुद्ध है। मेरे पुत्र का सही नाम AAYUSH YADAV व जन्मतिथि 25.11.2007 है, जो शुद्ध व सही है। अतः मेरे पुत्र के गलत नाम व जन्मतिथि के स्थान पर सही नाम AAYUSH YADAV व जन्मतिथि 25.11.2007 दर्ज किया जाय।

**प्रार्थीः**- ओम प्रकाश यादव
पुत्र राजपति यादव
निवासी ग्राम खर्गसेनपुर,
पो0 थानागद्दी
थाना व तह0 केराकत, जिला
जौनपुर

# मोहर्रम एवं विभिन्न परीक्षाओं के दृष्टिगत जनपद में धारा 163 लागू

## अव्यवस्था फैलाने वालों के विरुद्ध की जाएगी कठोर कार्रवाई: जिलाधिकारी

**तरुणमित्र न्यूज**

**मऊ।** जनपद में आगामी मोहर्रम पर्व तथा विभिन्न प्रतियोगी एवं भर्ती परीक्षाओं के शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं व्यवस्थित आयोजन को दृष्टिगत रखते हुए जिला मजिस्ट्रेट आनंद वर्धन द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 की धारा 163 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए संपूर्ण जनपद में निषेधाज्ञा लागू की गई है। यह आदेश आगामी 31 जुलाई की रात्रि 11 बजे तक प्रभावी रहेगा।



आनंद वर्धन, जिला मजिस्ट्रेट।

जिला मजिस्ट्रेट ने बुधवार को जारी विज्ञप्ति में बताया कि मोहर्रम पर्व के दौरान ताजिया जुलूस, धार्मिक आयोजन एवं विभिन्न सार्वजनिक कार्यक्रमों के साथ-साथ आगामी दिनों में आयोजित होने वाली विभिन्न परीक्षाओं को देखते हुए कुछ असामाजिक एवं अवांछनीय तत्वों द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने, सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने अथवा जनजीवन को प्रभावित करने का प्रयास किया जा सकता है। ऐसी परिस्थितियों में लोक शांति, कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने तथा जनसुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह आदेश जारी किया गया है।

उन्होंने कहा कि आदेश की अवधि में किसी भी व्यक्ति द्वारा बिना सक्षम अनुमति के सार्वजनिक स्थानों पर हथियार, घातक वस्तुएं अथवा ऐसे उपकरण लेकर चलना प्रतिबंधित रहेगा। इसके अतिरिक्त सार्वजनिक स्थलों पर बिना अनुमति धरना-प्रदर्शन, रैली, जुलूस, सभा अथवा अन्य सामूहिक कार्यक्रम आयोजित नहीं किए जा सकेंगे। ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग भी सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के बिना नहीं किया जाएगा। परीक्षा केंद्रों एवं संवेदनशील स्थलों के आसपास विशेष सतर्कता बरती जाएगी तथा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था फैलाने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

जिला मजिस्ट्रेट ने समस्त नागरिकों, धार्मिक संगठनों, सामाजिक संस्थाओं एवं जनपदवासियों से अपील की है कि वे शांति, सौहार्द एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। यदि कोई संदिग्ध गतिविधि अथवा कानून-व्यवस्था से संबंधित सूचना प्राप्त हो तो तत्काल स्थानीय प्रशासन अथवा पुलिस को अवगत कराएं।

उन्होंने स्पष्ट किया कि निषेधाज्ञा के आदेशों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं अन्य प्रासंगिक विधिक प्रावधानों के अंतर्गत कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। जनपद प्रशासन द्वारा शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं तथा कानून-व्यवस्था की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

## समस्याओं के समाधान हेतु व्यापारी संवाद कार्यक्रम छः को

**तरुणमित्र न्यूज**

**मऊ।** जनपद के राज्य कर विभाग द्वारा व्यापारियों एवं कारोबारियों की समस्याओं के समाधान तथा राजस्व वृद्धि के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण व्यापारी संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उपायुक्त राज्य कर, खण्ड-2, अवनीश कुमार चौधरी ने बताया कि आयुक्त राज्य कर, उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य व्यापारियों की समस्याओं को सुनना, उनके सुझाव प्राप्त करना तथा कर संबंधी प्रक्रियाओं को और अधिक सरल एवं प्रभावी बनाना है।

यह कार्यक्रम 06 जून को अपराह्न 3 बजे इन्द्रप्रस्थ होटल, पुरानी तहसील के पास, ब्रह्मस्थान में आयोजित होगा। कार्यक्रम में राज्य कर विभाग के अधिकारी उपस्थित रहेंगे तथा व्यापारियों एवं उद्यमियों की विभिन्न समस्याओं एवं सुझावों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। राज्य कर विभाग ने जनपद के सभी व्यापारियों, उद्योगपतियों एवं कारोबारी संगठनों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने की अपील की है, जिससे उनकी समस्याओं का प्रभावी निराकरण किया जा सके तथा विभाग और व्यापारिक समुदाय के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हो सके।

## परीक्षा में सॉल्वर/फर्जी परीक्षार्थी बैठने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**तरुणमित्र न्यूज**

**मऊ।** पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं को शुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु दिए गए निर्देशों के अनुक्रम में बुधवार को प्रभारी निरीक्षक कोतवाली द्वारा परीक्षा में सॉल्वर/फर्जी परीक्षार्थी बैठने वाला अभियुक्त गिरफ्तार किया गया।

कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा बीते 1 जून को डीसीएसके खण्डेलवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बी.एड द्वितीय सेमेस्टर के पंचम प्रश्नपत्र की परीक्षा में मूल परीक्षार्थी के स्थान पर उसके प्रवेश पत्र की फोटो को खुरचकर परीक्षा देने वाले वांछित अभियुक्त आनन्द साहनी पुत्र राधेश्याम साहनी निवासी मर्यादपुर थाना रामपुर मऊ को बुधवार को हिरासत में लिया गया। अभियुक्त आनन्द साहनी पुत्र राधेश्याम साहनी का चालान न्यायालय किया गया।

## सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों संग एसपी ने की बैठक

### समस्याओं के समाधान एवं कल्याण हेतु विभाग सदैव तत्पर रहेगा: कमलेश बहादुर

**तरुणमित्र न्यूज**

**मऊ।** एसपी कमलेश बहादुर की अध्यक्षता में बुधवार को पुलिस लाइन के सभागार कक्ष में सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों (पेंशनर्स) की बैठक आयोजित की गई।

बैठक का उद्देश्य पेंशनर्स की समस्याओं को सुनना, उनके सुझाव प्राप्त करना तथा उनके कल्याण से संबंधित विषयों पर चर्चा करना था। इस दौरान पेंशनर्स द्वारा पेंशन, चिकित्सा सुविधाओं, पारिवारिक लाभों एवं अन्य विभागीय मामलों से संबंधित समस्याएं एवं सुझाव प्रस्तुत किए गए। पुलिस अधीक्षक महोदय ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा संबंधित अधिकारियों को उनका त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी विभाग की अमूल्य धरोहर हैं तथा उनके अनुभव वर्तमान पुलिस बल के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने पेंशनर्स को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं के समाधान एवं कल्याण हेतु विभाग सदैव तत्पर रहेगा। पेंशनर्स ने विभाग द्वारा आयोजित इस पहल की सराहना करते हुए अपने सुझाव साझा किया गया। कार्यक्रम का समापन आपसी संवाद एवं सहयोग की भावना के साथ हुआ।

साथ ही साथ एसपी द्वारा बैठक के बाद पुलिस लाइन का निरीक्षण किया गया। जहां टेलीफोन ड्यूटी, जीडी कार्यालय आदि सभी शाखाओं का गहनता से निरीक्षण कर लाइन परिसर में साफ सफाई आदि का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार व अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## अभियान के तहत दोहरीघाट पुलिस को मिली सफलता

**तरुणमित्र न्यूज**

**दोहरीघाट (मऊ)।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बुधवार को थाने की पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने चोरी की पांच ई-रिक्शा बैटरियों के साथ दो चोरों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी चोरी की गई बैटरियों को बेचने की फिराक में थे।

पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी जितेंद्र कुमार सिंह एवं प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में थाना की पुलिस द्वारा यह कार्रवाई की गई। थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 114/26 धारा 303(2) बीएनएस की विवेचना के दौरान पुलिस टीम 2 जून की शाम संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान रामपुर धनौली क्षेत्र से हरेन्द्र पाण्डेय पुत्र हरिकृष्ण पाण्डेय निवासी कनेरी थाना फूलपुर जनपद आजमगढ़ तथा मन्नु कुमार पुत्र हरेन्द्र प्रसाद निवासी ग्राम काठ तरांव थाना रामपुर मऊ को गिरफ्तार किया गया।

तलाशी के दौरान उनके कब्जे से चोरी की पांच ई-रिक्शा बैटरियां बरामद हुईं। पूछताछ में पता चला कि दोनों आरोपी चोरी की बैटरी बेचने की तैयारी में थे। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी कर न्यायालय चालान किया गया। इस सफलता में उपनिरीक्षक संतोष कुमार, मुख्य आरक्षी विनय कुमार यादव, आरक्षी कृष्ण कुमार मौर्य एवं आरक्षी सुमित कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## साइबर टीम की तत्परता से ठगी की पूरी धनराशि हुई वापस

### पीड़ित ने पुलिस एवं साइबर टीम का आभार व्यक्त किया

**तरुणमित्र न्यूज**

**दोहरीघाट (मऊ)।** साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं पीड़ितों को त्वरित राहत दिलाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान के तहत बुधवार को दोहरीघाट पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस की सक्रियता एवं साइबर टीम के प्रयासों से ऑनलाइन ठगी का शिकार हुए व्यक्ति की पूरी धनराशि वापस करा दी गई।

पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर के आदेशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी जितेन्द्र सिंह एवं प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में थाना की साइबर टीम ने कार्रवाई करते हुए ठगी के शिकार हुए व्यक्ति को राहत प्रदान की।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के नवापुरा चौक निवासी प्रशांत गुप्ता द्वारा साइबर पोर्टल पर बीते 27 मई को शिकायत संख्या 33105260117807 दर्ज कराई गई थी। शिकायत में बताया था कि अज्ञात साइबर ठगों द्वारा उसके साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी कर 39,200 रुपये की ठगी कर ली गई है।

शिकायत प्राप्त होने के बाद थाना दोहरीघाट की साइबर टीम ने मामले की गंभीरता से जांच शुरू की और संबंधित बैंकिंग एवं साइबर एजेंसियों से समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्रवाई की। लगातार प्रयासों के परिणामस्वरूप ठगी गई पूरी धनराशि 39,200 रुपये आवेदक के बैंक खाते में वापस करा दी गई।

अपनी धनराशि वापस मिलने पर प्रशांत गुप्ता ने दोहरीघाट पुलिस एवं साइबर टीम का आभार व्यक्त किया। पुलिस अधिकारियों ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 या साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं, जिससे समय रहते कार्रवाई कर धनराशि वापस कराई जा सके।

## संक्षिप्त सामाचार

### अंतर्राष्ट्रीय साइकिल दिवस पर रेस प्रतियोगिता एवं संगोष्ठी का हुआ आयोजन

- नियमित रूप से साइकिल चलाना प्रदूषण मुक्त एक बेहतरीन व्यायाम है
- शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है: रामजनम सिंह



संगोष्ठी को संबोधित करते प्रवक्ता रामजनम सिंह।

*तरुणमित्र न्यूज*

*इंदारा (मऊ)। जनपद के मेरा युवा भारत केंद्र के तत्वावधान में उप निदेशिका के निर्देशानुसार कोपागंज ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत अलीहास में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय साइकिल दिवस पर साइकिल रेस प्रतियोगिता एवं संगोष्ठी आयोजन गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामजनम सिंह प्रवक्ता ने कहा कि अंतराष्ट्रीय साइकिल दिवस एक जागरूकता का कार्यक्रम है जो व्यक्ति प्रतिदिन साइकिल चलाने से शारीरिक मानसिक को बेहतर बनाता है।*

*साथ ही साथ दिल दिमाग वजन को नियंत्रित करता। वेदप्रकाश यादव ने कहा साइकिल चलाना एक कार्डियो व्यायाम है जो ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर एवं कमजोर मांसपेशियों को मजबूत बनाता है। प्रतियोगिता का शुभारंभ रामजनम सिंह प्रवक्ता के द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम आयुष यादव, द्वितीय राम आशीष यादव, तृतीय स्थान आदित्य कुमार ने अर्जित किया। कार्यक्रम का संचालन हरिप्रसाद मुरारी मेरा युवा भारत केंद्र के द्वारा किया गया। बताया गया कि साइकिल का आविष्कार किसी एक व्यक्ति ने नहीं किया बल्कि इसके डिजाइनर ने कई वैज्ञानिक ने अलग अलग समय पर योगदान दिया है। सन् 1817 में जर्मनी के आविष्कार ने पहली रनिंग साइकिल बनाई जिसमें पैडल नहीं थे। प्रतिदिन साइकिल चलाने से आर्गन स्टोक को रोका जा सकता है। कार्यक्रम का आभार एवं समापन संदीप यादव ने किया। इस अवसर पर सत्यम, अरुण, सोनू, अंकित, आर्यन, अनुराग, पवन, अंश आदि उपस्थित रहे।*

### अनियंत्रित वाइक के धक्के से युवक घायल

*तरुणमित्र न्यूज*

*मर्यादपुर (मऊ)। रामपुर थाना क्षेत्र के मधुबन बेल्थरा रोड मुख्य मार्ग स्थित भवानी सराय गांव के समीप मंगलवार की रात लगभग नौ बजे अनियंत्रित वाइक के चपेट में आने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में उपस्थित लोगों ने घायल व्यक्ति को ईलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतहपुर मंडाव में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार धर्मेंद्र पुत्र रामदीन 36 वर्ष निवासी पुराण बीघा थाना गिरिया जनपद नालंदा बिहार सराय मेवागिरी गांव में रह कर ताड़ी उतारने एवं बेचने का काम करता है। रात्रि लगभग नौ बजे कुछ सामान लेने के लिए पैदल फतहपुर बाजार जा रहा था। ज्यों ही भवानी सराय गांव के समीप पहुंचा था की पीछे से एक वाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे गंभीर चोटे आई। आनन फानन में उपस्थित लोगों ने ईलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतहपुर मंडाव में भर्ती कराया। जहां स्थिति गंभीर देख चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिये रेफर कर दिया। उधर मौका देख वाइक चालक वाइक लेकर भाग निकला।*

### डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन ने जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन

*तरुणमित्र न्यूज*

*मऊ। जिले के राजस्व एवं चकबंदी न्यायालयों और विभिन्न कार्यालयों में कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे कथित आर्थिक दोहन (अवैध वसूली) के विरोध में बुधवार को डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन ने कड़ा रुख अपनाया। बार अध्यक्ष दिनेश राय और मंत्री सतीराम यादव के नेतृत्व में वकीलों के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी से मिलकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मुख्य रूप से 8 गंभीर मामलों को उठाया गया है, इनमें धारा 116: कुर्रा फाट (बंटवारे) बनवाने के नाम पर लेखपालों द्वारा भारी वसूली। धारा 24: प्रारंभिक सीमांकन और पत्थर नसबी के लिए राजस्व निरीक्षकों (कानूनगो) द्वारा धन उगाही।*

*धारा 30(2): भौतिक विभाजन की रिपोर्ट लगाने में लेखपाल और राजस्व निरीक्षक द्वारा आर्थिक दोहन और रिपोर्ट आने के बाद भी न्यायालय में मुकदमा दर्ज न करना। स्टैंप एक्ट: डीएम न्यायालय में चल रहे मुकदमों में अधीनस्थों द्वारा महीनों से रिपोर्ट रोक कर रखना है। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने पूरे प्रकरण की समीक्षा करने और उचित कार्रवाई के लिए बार एसोसिएशन से 15 दिन का समय मांगा।*

# स्वच्छ गाँव, सुरक्षित जलवायु अभियान में स्वच्छता गतिविधियां आयोजित

## स्वच्छता केवल अभियान नहीं, बल्कि सतत जीवनशैली है: अंकित सिंह

**तरुणमित्र न्यूज**

**मऊ।** जनपद में 1 से 5 जून तक संचालित स्वच्छ गाँव, सुरक्षित जलवायु अभियान के तृतीय दिवस पर स्वच्छता, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं पर्यावरण संरक्षण को सुदृढ़ करने हेतु विभिन्न स्तरों पर व्यापक एवं प्रभावी गतिविधियों का सफल आयोजन किया गया।

अभियान का उद्देश्य ग्राम पंचायत स्तर पर कचरा प्रबंधन व्यवस्था को मजबूत करना, जनसहभागिता को बढ़ावा देना तथा सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना रहा। इस दिन ग्राम पंचायतों में बल्क वेस्ट जनरेटर्स की पहचान का विशेष अभियान चलाया गया। इसके अंतर्गत बाजारों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, संस्थानों एवं सार्वजनिक स्थलों को चिन्हित किया गया जहाँ से बड़ी मात्रा में कचरा उत्पन्न होता है। इन सभी को स्रोत पर ही गीले, सूखे एवं हानिकारक कचरे का पृथक्करण करने तथा वैज्ञानिक अपशिष्ट प्रबंधन अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।


अभियान के दौरान लोगों को जागरूक करते विभागीय लोग।

इसके साथ ही ग्राम पंचायतों में व्यापक स्तर पर श्रमदान एवं विशेष स्वच्छता अभियान संचालित किया गया। पंचायत प्रतिनिधियों, स्वच्छता कर्मियों, स्वयं सहायता समूहों एवं ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी से बाजार क्षेत्रों, गलियों, नालियों, सार्वजनिक स्थलों एवं मुख्य मार्गों की गहन सफाई की गई।

इस दौरान ग्रामीणों को खुले में कचरा न फेंकने तथा स्वच्छता को अपनी दैनिक आदत में शामिल करने के लिए जागरूक किया गया। अभियान के दौरान यह भी बताया गया कि कचरे का उचित पृथक्करण एवं प्रबंधन किया जाता है, तो ग्राम पंचायत स्तर पर कचरा निस्तारण व्यवस्था अधिक प्रभावी, कम लागत वाली एवं पर्यावरण-अनुकूल बन सकती है। इससे न केवल स्वच्छता व्यवस्था मजबूत होगी, बल्कि जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को कम करने में भी सहायता मिलेगी।

इस अवसर पर जिला सलाहकार, पंचायती राज विभाग (आईईसी/एचआरडी) अंकित कुमार सिंह ने कहा कि सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स 2026 ग्रामीण भारत में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक नई सोच और नई व्यवस्था का आधार हैं। इन नियमों का उद्देश्य केवल कचरे का निस्तारण नहीं, बल्कि अपशिष्ट को संसाधन के रूप में उपयोग कर सतत विकास को बढ़ावा देना है। स्वच्छ गाँव, सुरक्षित जलवायु अभियान के माध्यम से जनपद में स्वच्छता को जनआंदोलन का स्वरूप देने का प्रयास किया गया है।

उन्होंने कहा कि इस अभियान के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में व्यवहार परिवर्तन लाने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे दीर्घकालीन रूप से स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण का निर्माण संभव हो सके। अभियान के अंतर्गत आगामी दिनों में मिशन लाईफ आधारित जागरूकता कार्यक्रम, आरआरसी निरीक्षण, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन गतिविधियाँ एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। अभियान का संदेश स्वच्छता केवल अभियान नहीं, बल्कि सतत जीवनशैली है।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर दर्ज मुकदमे वापस करने की हुई मांग

- आदिवासी समाज को अपमानित करने के विरोध में हुआ था प्रदर्शन
- मुकदमा वापस नहीं होने पर विशाल धरना प्रदर्शन एवं आंदोलन होगा

**तरुणमित्र न्यूज**

**मऊ।** केंद्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकार के जन विरोधी नीतियों एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा आदिवासी समाज के लोगों को वनवासी कह कर अपमानित करने के विरोध में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर बीते 29 मई को विरोध प्रदर्शन किया गया था। जहां पुलिस प्रशासन द्वारा थाना सरायलखंसी में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष एवं संगठन प्रभारी अनिल कुमार राय उर्फ बब्लू राय, पूर्व महासचिव ब्रह्मानंद पांडेय, वरिष्ठ नेता राधेश्याम सिंह, महिला कांग्रेस की अध्यक्ष आदिवासी पर दर्ज की गई।


कलेक्ट्रेट पर ज्ञापन देने जाते कांग्रेसजन।

लोकतांत्रिक तरीके से किये गये प्रदर्शन के खिलाफ जनपद पुलिस द्वारा पार्टी के कई लोगों के विरूद्ध दर्ज किये गये मुकदमा को कांग्रेस पार्टी ने वापस करने की मांग की है। इस संबंध में गत दिवस मंगलवार को जिले के वरिष्ठ कांग्रेसजनों ने कलेक्ट्रेट में भाजपा सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। वहीं जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को मुकदमा वापस कराने हेतु ज्ञापन दिया।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को दिए गए ज्ञापन में कांग्रेस जनों ने मांग किया है कि पार्टी के लोगों के विरूद्ध दर्ज की गई मुकदमा तत्काल वापस लिया जाए। अगर वापस नहीं हुआ तो विवश होकर कांग्रेसजन गांधीवादी तरीके से जिला मुख्यालय पर विशाल धरना प्रदर्शन एवं आंदोलन करने को बाध्य होंगे जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। उत्तर प्रदेश के कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव घनश्याम सहाय ने मांग किया है कि कार्यकर्ताओं पर दर्ज किए गए मुकदमा तत्काल वापस किया जाए। पार्टी के पूर्व अध्यक्ष इंतेखाब आलम ने कहा कि प्रदेश सरकार की जन विरोधी नीतियों से जनता तंग आ गई है।

धरना प्रदर्शन में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव घनश्याम सहाय, जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष इंतेखाब आलम, शहर अध्यक्ष सलमान जमशेद, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य माधवेन्द्र बहादुर सिंह उर्फ सोनू सिंह, ओमप्रकाश ठाकुर, संजय यादव, धनंजय कुमार सिंह, वीरेंद्र तिवारी, उमाशंकर सिंह दाढ़ी, नजीर अहमद, प्रेमशीला उदयभान राय, अनिल कुमार जायसवाल, शैलेंद्र कुमार सिंह, मोतीराम राम, पियुश पाण्डेय, प्रेमचंद चौहान, रामकरण यादव, हंसनाथ तिवारी, प्रदीप सिंह, रमन पाण्डेय, वकील अहमद, सर्वेश राजन, प्रदीप कुमार सिंह, हमीदुल्लाह अंसारी, सुरेश यादव, सर्वेश तिवारी, आरती प्रजापति, नेयाज शाही, मुहम्मद शाही, आदि रहे।

## गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को नहीं दिया जाता पुष्टाहार

**तरुणमित्र न्यूज**

**मर्यादपुर (मऊ)।** मधुबन तहसील क्षेत्र के सरायमेवागीरी स्थित आगनवाड़ी केंद्र पर तैनात कार्यकत्री द्वारा गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को मिलने वाले पुष्टाहार का वितरण न करने का मामला प्रकाश में आया है। इसको लेकर बुधवार को गांव के एक व्यक्ति ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर जांच की मांग किया है।

गांव निवासी मेराज पुत्र सनाउल्लाह ने शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि सराय मेवागिरी स्थित आगनवाड़ी केंद्र पर तैनात कार्यकत्री एक वर्ष से बच्चों और गर्भवती महिलाओं में पुष्टाहार का वितरण नहीं कर रही है। सीडीपीओ कार्यालय में शिकायत करने पर सीडीपीओ द्वारा ग्रामीणों का फर्जी हस्ताक्षर बना कर शिकायत का निस्तारण कर दिया जाता है। जबकी सराय मेवागिरी के भवानी सराय पुरवा में वर्षों से किसी भी गर्भवती महिलाओं और बच्चों में पुष्टाहार का वितरण नहीं किया गया है न हीं राशन दिया गया है। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया है सीडीपीओ और कार्यकत्री के साठगांठ से महिलाओं और बच्चों को मिलने वाला पूरा राशन काला बाजारी के भेंट चढ़ा दिया जाता है। आरोपी की किसी सक्षम अधिकारी से जांच कराकर संबंधित लोगों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की मांग किया है।







संस्थापक सम्पादक- स्व. कैलाशनाथ

तरुणमित्र मीडिया प्रा0लि0 के लिए प्रकाशक योगेन्द्र विश्वकर्मा, मुद्रक एवं सम्पादक **आदर्श कुमार*** द्वारा मीडिया टेक्स्ट प्रा0लि0, रोहनिया जी0टी0 रोड, वाराणसी से मुद्रित एवं 631, उमरपुर हरिबन्धनपुर, जौनपुर से प्रकाशित।

आर.एन.आई पंजीयन सं. 353710/78 (मो0:- 9452984488)

**फोनः-समाचार कक्ष-(05452) 358728, 05452-470147**

E-mail : tarunjnp@rediffmail.com, tarunjaunpur@gmail.com

* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद जौनपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

मुख्यालयः- 47 धरनीधरपुर, जौनपुर (उ0प्र0)

# 4.55 करोड़ की लागत से संपर्क मार्गों का शिलान्यास

## विधायक हंसूराम बोले-विकास ही मेरी प्राथमिकता



**बेल्थरा रोड (बलिया)।** सीयर विकास खंड के ग्राम पंचायत पिपरौली बड़ा गांव स्थित अंबेडकर पार्क में मंगलवार को आयोजित एक कार्यक्रम में क्षेत्रीय सुभासपा विधायक हंसूराम ने लगभग 4.55 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले आठ संपर्क मार्गों का शिलान्यास किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक हंसूराम ने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए उनका निरंतर प्रयास जारी है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण इलाकों को जोड़ने वाले संपर्क मार्गों के निर्माण से लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्र के विकास को नई गति प्राप्त होगी। शिलान्यास किए गए मार्गों में पिपरौली में फार्म हाउस से अंबेडकर संस्थान होते हुए पंचायत भवन और मनोज यादव बस्ती तक मार्ग निर्माण, पिपरौली से टेकनपुरा हरिजन बस्ती तक मार्ग, बनकरा रेलवे क्रॉसिंग से असरेपुर राजभर बस्ती तक मार्ग, चौकिया-मधुबन मार्ग से असरेपुर राजभर बस्ती तक मार्ग, सोनबरसा में अर्जुन राजभर के घर से श्मशान घाट तक मार्ग, चौकिया-मधुबन मार्ग से विशाल टॉकीज होते हुए चकिया तक मार्ग, चौकिया नाद पलिया विगह से अनुसूचित बस्ती होते हुए लोक निर्माण विभाग मार्ग तक तथा तेलमा जमालुद्दीनपुर से लोक निर्माण विभाग मार्ग होते हुए मौर्य बस्ती तक मार्ग निर्माण शामिल हैं। इस मौके पर ग्राम प्रधान सज्जन पासवान, उमेश अंबेडकर, राजबहादुर यादव, पतिराम यादव, अरविंद यादव, मुन्ना यादव, अरविंद अंबेडकर, सुरेश वर्मा सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## अभियुक्त गिरफ्तार

**बलिया।** पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिये चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी संजय वर्मा के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी नगर मो0 उस्मान व थानाध्यक्ष दुबहड़ के कुशल नेतृत्व में व थाना दुबहड़ पुलिस की टीम को मिली सफलता। उल्लेखनीय है कि 21 मई को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें एक व्यक्ति पीआरवी वाहन के ऊपर चढ़कर रील बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया गया था। उक्त रील को सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त होने पर जांचोपरान्त ज्ञात हुआ कि थाना दुबहड़ की पीआरवी-5420 पर बनाया गया है, थाना स्थानीय पुलिस व सोशल मीडिया के कन्टेट के सहयोग से रील बनाने वाले की पहचान नीरज राम पुत्र मन्नू राम निवासी नगवाँ थाना दुबहड़ जनपद बलिया के रूप में हुई। उपरोक्त रील के सम्बन्ध में पीआरवी-5420 पर नियुक्त आरक्षी मन्नू कुमार के तहरीर के आधार पर थाना दुबहड़ में मु0अ0सं0-51/2026 धारा 329(3), 221 एवं 352 बीएनएस पंजीकृत कराया गया।

# डीएम ने जल शोधन संयंत्र स्थल का किया निरीक्षण



**बलिया।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बुधवार को तहसील सदर के अंतर्गत ग्राम जमुआ में अमृत 2.0 कार्यक्रम के तहत प्रस्तावित जल शोधन संयंत्र (डब्ल्यूटीपी) निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परियोजना से संबंधित भूमि हस्तांतरण एवं अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि नगर पालिका परिषद बलिया के लिए जिलापूर्ति योजना की कार्ययोजना ट्रांच-1 में स्वीकृत की गई है। योजना के अंतर्गत 35 एमएलडी क्षमता का एक जल शोधन संयंत्र, 53 एमएलडी क्षमता का एक इंटेक वेल, लगभग 1000 केएल क्षमता का एक ओवरहेड टैंक, लगभग 115 किलोमीटर लंबी वितरण प्रणाली तथा करीब 21 किलोमीटर लंबी राइजिंग मेन का निर्माण प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि इस महत्वाकांक्षी योजना के पूर्ण होने पर नगर पालिका क्षेत्र के लगभग 20,603 घरों को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी। जिलाधिकारी ने जल शोधन संयंत्र, इंटेक वेल एवं शिरोपरी जलाशय निर्माण के लिए भूमि से संबंधित प्रस्तावों पर तत्काल आदेश जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय) के अधिशासी अभियंता को परियोजना के प्राक्कलन एवं डिजाइन तैयार करने की कार्यवाही तत्काल प्रारंभ करने के निर्देश दिए, ताकि निर्माण कार्य समयबद्ध ढंग से शुरू किया जा सके।

निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे), तहसीलदार सदर, उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय) के अधिकारी, राजस्व विभाग की टीम सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्वर्गीय इश्तियाक अहमद खान को जमाना याद करेगा : मौलाना कयामुद्दीन नोमानी




**गाजीपुर।** दुनिया में हर चीज़ के पैदा होने या निर्माण होने के बाद उसके समाप्त होने का दिन भी अल्लाह पहले निर्धारित कर देता है। लेकिन इंसान अपने अच्छे कर्मों और आदर्श जीवन के कारण अमर हो जाता है। ऐसे ही व्यक्तित्वों में स्वर्गीय इश्तियाक अहमद खान का नाम भी शामिल है। किसी शायर ने क्या खूब कहा है जीते जी कद्र-ए-बशर की नहीं होती प्यारे, याद आएगी तुम्हें मेरी वफ़ा मेरे बाद।

आज 3 जून, बुधवार को जनपद गाजीपुर के मोहम्मदाबाद तहसील अंतर्गत ग्राम मुर्की खुर्द में स्थित शम्स मॉडल स्कूल में स्वर्गीय इश्तियाक अहमद खान (मुंबई) की पुण्य स्मृति में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उनका निधन 29 मई 2026 को हो गया था। उनकी याद में संस्थान की ओर से फज्र नमाज़ के बाद कुरआनख्वानी तथा मिलादुन्नबी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभा को संबोधित करते हुए ईदगाह मोहम्मदाबाद के खतीब मौलाना कयामुद्दीन नोमानी ने कहा कि स्वर्गीय इश्तियाक अहमद खान के पिता स्वर्गीय सिराजुल हक़ खान पूर्व अध्यक्ष इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट बैंक ऑफ़ इंडिया भी एक सम्मानित और समाजसेवी व्यक्ति थे। स्वर्गीय इश्तियाक अहमद खान ने मुंबई, कोलकाता, दिल्ली और गाज़ीपुर क्षेत्र में शिक्षा के विकास की उन्नति के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके नेक कार्य आज भी लोगों को प्रेरणा देते हैं और यही अच्छे कर्म इंसान को अमर बना देते हैं। ऐसे लोगों को दुनिया हमेशा याद रखती है। जो व्यक्ति अल्लाह से डरता है, इंसानियत से प्रेम करता है और समाज की भलाई के लिए कार्य करता है, वह लोगों के दिलों में हमेशा जीवित रहता है।

# सहायक विकास अधिकारी की हुई विदाई



सहायक विकास अधिकारी के सेवानिवृत होने पर माल्यार्पण कर विदाई करते अवधेश राय

**मुहम्मदाबाद।** सहायक विकास अधिकारी पंचायत अनिल कुमार यादव के सेवानिवृत होने पर ब्लॉक सभागार मोहम्मदाबाद में बुधवार को ब्लॉक प्रमुख अवधेश राय की अध्यक्षता में भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

इस मौके पर उपस्थित खंड विकास अधिकारी यशवंत राव एवं ग्राम पंचायत अधिकारी सचिव एवं सफाई कर्मी तथा ब्लॉक के समस्त कर्मचारियों ने बारी-बारी से उन्हें अंग वस्त्रम स्मृति चिन्ह एवं माला पहनाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए ढेर सारी शुभकामनाएं दिया विदाई समारोह को संबोधित करते हुए खंड विकास अधिकारी यशवंत राव ने कहा कि सहायक विकास अधिकारी अनिल कुमार यादव से हमारा पुराना गहरा संबंध रहा है इनका कार्यकाल बहुत ही सुंदर एवं निर्विवाद रहा है । वास्तव में अनिल यादव बहुत ही सरल स्वभाव के व्यक्ति रहे हैं अभी तक इनके कार्यकाल में कोई भी शिकायत नहीं प्राप्त हुई है। उपस्थित सभी ब्लॉक कर्मियों ने उनके जीवन एवं कार्य अवधि के दौरान किए गए प्रत्येक पहलुओं को साझा करते हुए कुछ वक्ताओं ने गीतों के माध्यम से उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

इस मौके पर ऑडियो संजय सिंह ग्राम पंचायत अधिकारी अशोक राय पूजा सिंह निशा मौर्य प्रीति यादव सुरेंद्र यादव प्रिंस राय भानु यादव महिमा तिवारी मयंक धार राय संजय राय अमित सिंह सतीश कुमार मनोज यादव सोमनाथ यादव अजीत यादव नागेंद्र यादव आलोक अमर यादव रामप्रवेश यादव आदि लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन ग्राम पंचायत अधिकारी रामप्रवेश राय ने किया।

# बरसात से पहले नालियों की सफाई कराने की मांग

**तरूणमित्र न्यूज**

**सिकन्दरपुर (बलिया)।** नगर पंचायत सिकन्दरपुर के वार्ड संख्या 12 समेत सभी 15 वार्डों में बरसात से पूर्व नालियों की सफाई न होने से स्थानीय नागरिकों में चिंता बढ़ गई है। जितेश कुमार वर्मा (एडवोकेट) ने नगर पंचायत प्रशासन पर समय रहते नालियों की सफाई न कराने का आरोप लगाया है। बताया कि पूर्व वर्षों में नालियों की समुचित सफाई नहीं होने के कारण वर्षा के दौरान नालियां जाम हो गई थीं, जिससे गंदा पानी सड़कों पर फैलने के साथ-साथ लोगों के घरों में भी घुस गया था। इससे नगरवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा था। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्तमान में गर्मी का मौसम समाप्ति की ओर है और जल्द ही बरसात शुरू होने वाला है। यदि बरसात से पहले नालियों की सफाई नहीं कराई गई तो जलभराव की समस्या गंभीर रूप ले सकती है। जाम नालियों के कारण गंदा पानी सड़कों और घरों तक पहुंच सकता है, जिससे जनजीवन प्रभावित होगा और बीमारियों के फैलने का खतरा भी बढ़ जाएगा। जितेश कुमार वर्मा ने नगर पंचायत प्रशासन से मांग की है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए सभी 15 वार्डों में नालियों की तत्काल सफाई कराई जाए। उन्होंने कहा कि समय रहते सफाई कार्य पूरा होने से बरसात के दौरान जलभराव, गंदगी और संक्रमण जैसी समस्याओं से नागरिकों को राहत मिल सकेगी। नगरवासियों ने भी प्रशासन से इस दिशा में शीघ्र कार्रवाई की अपेक्षा जताई है।

## महंगाई-बेरोजगारी से किसान, नौजवान परेशान

**मुहम्मदाबाद।** देश एवं प्रदेश की भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों से नौजवान एवं किसान दोनों परेशान है। उक्त बातें उत्तर प्रदेश किसान सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक राजेंद्र यादव ने मोहम्मदाबाद के तडवा गांव में बुधवार को आयोजित किसान सम्मेलन में उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए कहा उन्होंने कहा कि आज की खेती किसानों के लिए घाटे का सौदा हो गया है इसलिए किसानों का खेती से मोह भंग होता जा रहा है उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार देश एवं प्रदेश में सिर्फ कॉर्पोरेट घरानों के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार में एक तरफ जहां बेरोजगारी महंगाई अपने चरम सीमा पर पहुंच गई है।

**सूचना :** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं राजीव कुमार गुप्ता पुत्र बद्री प्रसाद गुप्ता ग्राम बिशनपुरा उर्फ रघुवरगंज तहसील मोहम्मदाबाद जिला गाजीपुर का मूल निवासी हूं। मेरा रघुवरगंज टावर वाला जमीन संबंधी सेल डीड पेपर मोहम्मदाबाद मार्केट में लेकर गया था जो वहीं कहीं पर खो गया है। काफी खोजबीन किया परंतु वह नहीं मिला।

## जीवन साहस चैरिटेबल ट्रस्ट के फाउंडर ट्रस्टी के निधन पर दी श्रद्धांजलि

**गाजीपुर।** जीवन साहस चैरिटेबल ट्रस्ट, मुंबई के फाउंडर ट्रस्टी इश्तियाक अहमद खान (चार्टर्ड अकाउंटेंट) के निधन पर आज जनपद गाजीपुर के कार्यालय पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशफाक अहमद ने कहा कि मुंबई, कोलकाता, दिल्ली और गाजीपुर की कई शिक्षण संस्थाओं में उनका हमेशा योगदान रहता था। उनके योगदान को शैक्षणिक संस्थाएं भूल नहीं सकती हैं। इस अवसर पर सोहबत महमूद खान उर्फ सब्बू, अकील खान, शकील खान, वसीम खान, अफजल खान, एजाज अंसारी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। उनके लिए कुरान का पाठ पढ़कर दुआ की गई।

# चोरी के आभूषण के साथ अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बलिया।** पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिये चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी दिनेश कुमार शुक्ला के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी आलोक कुमार गुप्ता व थानाध्यक्ष भीमपुरा के कुशल नेतृत्व में व थाना भीमपुरा पुलिस की टीम को मिली सफलता।

उल्लेखनीय है कि 22 जनवरी को वादी द्वारा उपस्थित थाना आकर तहरीर दिया कि अज्ञात चोर द्वारा रात्रि में पेड़ के सहारे छत से मेरे घर के अन्दर आकर आलमारी व बक्से का ताला तोड़कर कीमती जेवरात व नकदी रूपया चोरी कल लिये है, तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0- 13/2026 धारा 305(ए),331(4) बीएनएस अज्ञात पंजीकृत किया गया। जाँच/विवेचना के दौरान मुकदमा उपरोक्त में शीतल कुमार उर्फ छोटू उर्फ रोमी पुत्र मारकण्डेय निवासीग्राम छिछोर थाना हलधरपुर जनपद बलिया का नाम प्रकाश में आया जिस सम्बन्ध में थाना भीमपुरा पुलिस टीम द्वारा बुधवार को साक्ष्य संकलन व मुखबीर खास की सूचना के आधार पर 01 नफर अभियुक्त शीतल कुमार उर्फ छोटू उर्फ रोमी पुत्र मारकण्डेय निवासीग्राम छिछोर थाना हलधरपुर जनपद बलिया उम्र करीब 21 वर्ष को समय करीब 04.20 बजे नेवादा पुलिया के पास से पुलिस हिरासत में लिया गया। अभियुक्त के जामा तलाशी/निशानदेही पर चोरी की एक अदद नथिया पीली धातु, तीन जोड़ी पायल सफेद धातु व नकद कुल 1150/- के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय द्वारा विधिक कार्यवाही पूर्ण कर मा0 न्यायालय भेजा गया।

## टोडरपुर पंचायत में 40 साल पुराने विवादित मार्ग का हुआ निस्तारण



**भांवरकोल /गाजीपुर।** भाजपा नेता एवं प्रमुख प्रतिनिधि आनंद राय मुन्ना की पहल पर तहसील प्रशासन द्वारा ग्राम पंचायत टोडर में पिछले 40 बर्ष से विवादित मार्ग का विवाद समाप्त करा दिया गया। उसे आवागमन लायक बना दिए जाने से न केवल आवागमन का मार्ग प्रशस्त हो गया बल्कि उसके अंदर जल जीवन मिशन के तहत जलापूर्ति हेतु पाइपलाइन बिछाने का कार्य भी शुरू कर दिया गया। ग्राम पंचायत टोडरपुर में शिवनारायण यादव के दरवाजे से नहर पुलिया तक लगभग 130 मीटर लंबा चकमार्ग संख्या 231 पर लगभग 40 वर्षों से विवाद चल रहा था विवाद के कारण उसे पर कोई कार्य नहीं कराया रहा था। आखिरकार मंगलवार को तहसीलदार महेंद्र बहादुर के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची और पैमाइश कर चकमार्ग

संख्या 231 का सिमांकन कर दिया गया। मार्ग पर आज पुलिस की मौजूदगी में राबिश डालकर आवागमन लायक बनाने का कार्य शुरू कर देने के साथ ही जलापूर्ति के लिए पाइपलाइन बिछाने का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। ग्रामीणों ने 40 वर्षों से इस विवादित मार्ग को विवाद मुक्त कराकर आवागमन लायक बनाने में भाजपा नेता एवं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि आनंद राय मुन्ना की अहम भूमिका बताते हुए ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि आनंद राय मुन्ना के प्रति आभार व्यक्त करते हुए काफी प्रसन्नता व्यक्त किया। इस अवसर पर तहसीलदार महेंद्र बहादुर तथा राजस्व निरीक्षक मंगला प्रसाद व लेखपाल विवेक मिश्रा, दीपक यादव, जल निगम तथा पुलिसकर्मियों के अलावा विक्रमा सिंह यादव, गोपाल यादव, भोला यादव, रमेश यादव तथा दीनानाथ यादव आदि मौजूद रहे।

# जहानागंज नगर पंचायत में भ्रष्टाचार का आरोप



**आजमगढ़।** नगर पंचायत जहानागंज के कई सभासदों ने मंडलायुक्त आजमगढ़ को ज्ञापन सौंपकर नगर पंचायत में वित्तीय अनियमितता, भ्रष्टाचार और सरकारी धन के दुरुपयोग का आरोप लगाया है। सभासदों का कहना है कि चेयरमैन और अधिशासी अधिकारी की मिलीभगत से बिना बोर्ड बैठक और प्रस्ताव के नियमों के विपरीत निर्माण कार्य कराए गए तथा वित्तीय अधिकारों का मनमाने ढंग से इस्तेमाल किया। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि जुलाई 2025 के बाद अप्रैल 2026 तक बोर्ड की बैठक नहीं कराई गई, जबकि इस दौरान सैकड़ों निर्माण कार्य कोटेशन के माध्यम से बिना वर्क ऑर्डर जारी किए कराए गए। सभासदों ने यह भी आरोप लगाया कि स्ट्रीट लाइट, हाईमास्ट और मिनी हाईमास्ट लाइटों में ब्रांडेड कंपनियों के लोगो लगाए गए, लेकिन अंदर निम्न गुणवत्ता की सामग्री का उपयोग किया गया, जिसके कारण नगर की अधिकांश लाइटें बंद पड़ी हैं। आउटसोर्सिंग के तहत 71 कर्मचारियों का भुगतान होने के बावजूद मौके पर लगभग 50 कर्मचारी ही कार्यरत बताए गए हैं, जबकि कुछ लोग चेयरमैन के निजी कार्यों में लगे होने का आरोप भी लगाया गया है।

इसके अलावा 143 इंडिया मार्का हैंडपंप रीबोर के टेंडर में भी अनियमितता का आरोप लगाते हुए कहा गया है कि हैंडपंप मानकों की अनदेखी कर अपने चहेतों के यहां लगाए गए हैं। सभासदों ने मंडलायुक्त से मांग की है कि उनकी उपस्थिति में किसी उच्चस्तरीय टीम से निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए।



# कार्यालय नगर पंचायत मछलीशहर, जौनपुर

## नोटिस

एतद् द्वारा भवन स्वामियों / क्रेतागणों तथा अन्य व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1916 के प्रावधानों के अन्तर्गत निम्नलिखित भवन स्वामियों द्वारा अपने-अपने भवनों के नामान्तरण / कर निर्धारण रजिस्टर (2006-07 से 2025-26 तक) में दर्ज नाम के स्थान पर संशोधित नाम परिवर्तन हेतु उचित साक्ष्यों के साथ प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी भी व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन / नामान्तरण के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह इस नोटिस के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति, समस्त आवश्यक साक्ष्यों एवं प्रकरणों सहित नगर पंचायत कार्यालय मछलीशहर में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि (30 दिन) के समाप्त होने के पश्चात किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा तथा नियमानुसार **नामान्तरण/संशोधन** की कार्यवाही पूर्ण कर दी जायेगी।

**प्रकरणों की सूची निम्नवत् है।**

| क्र. सं. | फाईल/ पत्रावली सं. | भवन संख्या | वार्ड / मुहल्ला | वर्तमान नाम / विक्रेता का नाम | नामान्तरण / कर निर्धारित हेतु प्रस्तावित नाम | संलग्नक साक्ष्य | नामान्तरण / वरासत / वसीयत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 649 | नया | मोतीनगर कोतवाली | मदनलाल पुत्र दुखिलाल नि0मो0 पुरानी बाजार मछलीशहर | जाहिदा बेगम पत्नी अबुतालिब व पुत्र खालीद नि0मो0 पूरादोषी मछलीशहर | पंजीकृत बैनामा, उद्धरण खतौनी | नामान्तरण |
| 2 | 651 | 4 | उमराना | मो0 सईद पुत्र तैयब नि0मो0 उमराना मछलीशहर | शहंशाह, जमालुद्दीन अकबर, पुत्रगण स्व0 मो0 सईद नि0मो0 उमराना मछलीशहर | निकट सम्बन्धी, गृहकर रसीद, शपथ पत्र | वरासत |
| 3 | 652 | 354 | सादीगंज उ0 | अशोका देवी पत्नी छोटेलाल नि0मो0 सादीगंज उत्तरी मछलीशहर | प्रियंका प्रियदर्शी पुत्री स्व0 छोटेलाल नि0मो0 सादीगंज उत्तरी मछलीशहर | पंजीकृत बैनामा | नामान्तरण |
| 4 | 653 | नया | सादीगंज द0 | जावेद इकबाल पुत्र मोबीन खान नि0मो0 कोतवाली मछलीशहर | रूकशाना पत्नी बसीर शेख नि0मो0 सादीगंज दक्षिणी मछलीशहर | पंजीकृत बैनामा पूर्व में स्वीकृत भवन मानचित्र | नामान्तरण |
| 5 | 654 | नया | कोतवाली | बेलाल अहमद पुत्र जान मोहम्मद नि0मो0 कोतवाली मछलीशहर | माला देवी पत्नी राज कुमार पुरानीबाजार मछलीशहर | पंजीकृत बैनामा, उद्धरण खतौनी | नामान्तरण |
| 6 | 655 | नया | देवनगर सराय | नाजीरा बेगम पत्नी जान मोहम्मद नि0मो0 कोतवाली मछलीशहर | रीना सोनी पत्नी दिलीप कुमार सोनी नि0ग्रा0 तिलोरा | पंजीकृत बैनामा, उद्धरण खतौनी | नामान्तरण |
| 7 | 656 | 200 व 164 | पुरानीबाजार | लालचन्द पुत्र चुगडू नि0मो0 पुरानीबाजार मछलीशहर | सुमन विधवा व रवि मोदनवाल पुत्र स्व0 प्रेमचन्द्र नि0मो0 पुरानीबाजार मछलीशहर | सजरा खानदान मृत्यु प्रमाण पत्र | नामान्तरण |
| 8 | 657 | नया | कायस्थाना | इन्द्रावती गुप्ता पत्नी शंकरलाल गुप्ता नि0मो0 कायस्थाना मछलीशहर | अंजू गुप्ता पत्नी संदीप कुमार गुप्ता नि0ग्रा0 नालापार केराकत जौनपुर | पंजीकृत बैनामा | नामान्तरण |
| 9 | 658 | नया | कृपाशंकरनगर | फैयाज अहमद पुत्र जलील अहमद नि0मो0 अलवियाना मछलीशहर | मनोरमा विश्वकर्मा पत्नी सत्य देव विश्वकर्मा मछलीशहर | पंजीकृत बैनामा, उद्धरण खतौनी | नामान्तरण |
| 10 | 659 | नया | कृपाशंकरनगर | मुमताज अहमद व शकील अहमद व वकील अहमद पुत्रगण जलील अहमद नि0मो0 कोतवाली मछलीशहर | क्षमा देवी पत्नी महादेव शुक्ला नि0मो0 कृपाशंकरनगर मछलीशहर | पंजीकृत बैनामा | नामान्तरण |
| 11 | 660 | नया | कृपाशंकरनगर | अमर सिंह मौर्य पुत्र स्व0 राम सुन्दर मौर्य नि0मो0 बरबसपुर मछलीशहर | सन्तरा देवी पत्नी सूर्यमनी शुक्ला नि0मो0 कृपाशंकरनगर मछलीशहर | पंजीकृत बैनामा, उद्धरण खतौनी | नामान्तरण |
| 12 | 661 | नया | कृपाशंकरनगर | नाजीरा बेगम पत्नी जान मोहम्मद नि0मो0 कोतवाली मछलीशहर | नजमा पत्नी खालीद नि0ग्रा0 कटाहित खास | पंजीकृत बैनामा, उद्धरण खतौनी | नामान्तरण |
| 13 | 662 | नया | कोतवाली | अब्दुल कलाम पुत्र अब्दुल मजीद नि0मो0 कोतवाली मछलीशहर | शबनम बेगम पत्नी हलीम अली नि0ग्रा0 इनगॉव भदोही | पंजीकृत बैनामा, उद्धरण खतौनी | नामान्तरण |
| 14 | 663 | नया | कोतवाली | अब्दुल कलाम पुत्र अब्दुल मजीद नि0मो0 कोतवाली मछलीशहर | रूमा पत्नी तौहिद अहमद नि0मो0 मुल्लाना मछलीशहर | पंजीकृत बैनामा, उद्धरण खतौनी | नामान्तरण |

**(संजय कुमार जायसवाल)**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत मछलीशहर, जौनपुर**

अपना कर समय से जमा कर नगर के विकास में सहयोगी बने

पत्रांक: 572/नि0सू0/न0पं0म0श0/2026-27 दिनांक: 03.06.2026

**(विजय कुमार सिंह)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत मछलीशहर, जौनपुर**

St. MARRY CONVENT SCHOOL
Purani Bazar, Jaunpur (U.P.)
ADMISSION OPEN
Nursery to 9th
Neat & Clean Big Campus.
Fun Filled activity based curriclum designed by experts of early child care & education
AI- Computer Based Education.
Daily newspaper Reading Classes.
Motivated and guided by professional Faculties.
Psychological care and Motivated Teaching.
Science Lab, Computer Lab, Library Music, Dance & Yoga Classes.
Wi-fi Campus with CCTV Camera.
Language Options (English, Hindi Urdu, Sanskrit)
KIDS ZONE
Toys
Special care
Television supported Learning for Kids
Indoor/Outdoor Games
Interactive Learn & Play in groups
CBSE Curriculum
www.rstmarryconvent.com
Conveyance Facilities are available for all over Jaunpur.
9598785972, 9140858396, 6394305556

# 05 प्रतिशत वैज्ञानिकों की ग्लोबल सूची (वैश्विक) में प्रोफेसर अनीता सिंह को मिला स्थान (जनपद जौनपुर एवं कुशीनगर का बढ़ाया मान एवं प्रतिष्ठा)



**नई दिल्ली।** कुमायूँ विश्वविद्यालय की भीमताल परिसर, नैनीताल स्थित तकनीकी संकाय की संकायाध्यक्ष प्रोफेसर अनीता सिंह को साइंस रैंक ग्लोबल द्वारा वर्ष 2025 हेतु जारी सूची में विश्व के शीर्ष 05 प्रतिशत वैज्ञानिकों में स्थान प्राप्त हुआ है। यह सूची वैज्ञानिकों द्वारा किये जा रहे उत्कृष्ट शोध कार्यों, उच्च गुणवत्ता वाले शोध प्रकाशनों तथा वैश्विक वैज्ञानिक समुदाय में दिये गये महत्वपूर्ण योगदान के आधार पर तैयार की जाती है।

इस सूची में स्थान बनाने वाली अनीता सिंह अपने पिता स्व0 श्री प्रेम नारायण सिंह, रीडर, भौतिक विज्ञान, तिलकधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लाइन बाजार जौनपुर में परिवार सहित निवास करती थीं। इनका विवाह कैप्टन दिनेश कुमार सिंह, निवासी ग्राम नदवा बिशुनपुर, थाना चौराखास, जनपद कुशीनगर से हुआ। वर्तमान में भीमताल, जनपद नैनीताल, उत्तराखण्ड में परिवार सहित निवास करती हैं। प्रोफेसर अनीता सिंह वर्तमान में भेषज विज्ञान विभाग की प्राध्यापक होने के साथ इस विभाग की विभागाध्यक्ष भी रही हैं। वर्तमान में कुमायूँ विश्वविद्यालय के तकनीकी संकाय की संकायाध्यक्ष है। इनके 90 से अधिक शोधपत्र अन्तर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित किये गये हैं। इनके पुत्र युवराज सिंह भी सी.डी.आर.आई. लखनऊ में वैज्ञानिक हैं। इनकी उपलब्धि पर सर्वश्री रामाशीष सिंह बघेल, सुरेशनाथ सिंह, श्यामसुन्दर सिंह, अजय सिंह, शुभचिन्तकों सहित क्षेत्र के निवासियों द्वारा इस अनुकरणीय उपलब्धि पर अपार हर्ष एवं खुशी व्यक्त की गयी है।

# विराट कोहली और रोहित शर्मा के वनडे करियर में आने वाला है अहम पड़ाव



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के दो बड़े स्टार विराट कोहली और रोहित शर्मा अब सिर्फ वनडे क्रिकेट खेलते हैं। इन दोनों की नजरें अगले साल होने वाले वनडे वर्ल्ड कप पर हैं। हालांकि, दोनों की जगह टीम में पक्की नहीं है, लेकिन दोनों हार मानने वाले नहीं हैं। इसे देखते हुए दोनों ही खिलाड़ियों के वर्ल्ड कप खेलने के सपने में अहम पड़ाव आने वाला है। भारत को इसी साल अक्टूबर और दिसंबर में न्यूजीलैंड का दौरा करना है। इस दौरे पर टीम इंडिया दो टेस्ट, पांच वनडे और पांच टी20 मैचों की सीरीज खेलेगी। ये न्यूजीलैंड में भारत का अब तक का सबसे बड़ा दौरा भी होगा।

इस दौरे पर खेली जाने वाली वनडे सीरीज दोनों के लिए अहम होगी। ये दौरा कोहली और रोहित का आखिरी न्यूजीलैंड दौरा भी हो सकता है। दोनों ही अपने करियर के अंतिम पड़ाव पर हैं। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया दौरे पर इन दोनों को शानदार रिसेप्शन मिला था। इसी कारण ये माना जा रहा है कि ये दोनों आखिरी बार न्यूजीलैंड बतौर क्रिकेटर आ रहे हैं। लेकिन ये दोनों के लिए मौका भी है। अगर इस दौरे पर दोनों ने शानदार खेल दिखाया तो वनडे वर्ल्ड कप की रेस में दोनों बने रहेंगे, लेकिन अगर फेल हुए तो टिकट कट सकता है। टीम मैनेजमेंट पहले ही ये इशारा कर चुका है कि वह इन दोनों को वर्ल्ड कप के लिए नहीं देख रहा है। ये सीरीज दोनों टीमों के लिए काफी अहम है क्योंकि ये दोनों देशों के 100 साल के क्रिकेट संबंधों का जश्न के तौर पर खेली जाएगी। 40 दिन का ये दौरा 22 अक्तूबर से शुरू होगा जब क्राइस्टचर्च में पहला टी20 मैच खेला जाएगा।

टी20 सीरीज के बाद वनडे सीरीज खेली जाएगी। पहला वनडे चार नवंबर को ऑकलैंड के ईडन पार्क में खेला जाएगा। वहीं टेस्ट सीरीज की शुरुआत 19 नवंबर से होगी।

अब नये पते पर...
बलुआघाट, रिवर व्यू होटल के सामने, नारायण नर्सिंग होम के पास, जौनपुर
चन्द्रा ई.एन.टी. क्लीनिक
हियरिंग एण्ड स्पीच सेन्टर
निम्न लक्षणों के लिए सम्पर्क करें
● नाक बन्द होना ● चक्कर आना
● मुँह में छाले पड़ना एवं दर्द होना
● कान बहना टान्सिल की शिकायत
● लगातार छींक आना ● कान में सिटी बजना
● घेगा (थायराइड) की तकलीफ
● लार ग्रन्थि का सूजन होना (पैराटिक)
सुविधाएं
● नाक, कान, गला, मुख रोग का इलाज व आपरेशन की सुविधा।
● कान के सुनने की जाँच (Audiometry) एवं
● कान की मशीन (Hearing-aid) स्पीच थैरेपी
● एलर्जी की जाँच उपलब्ध
डा0 राजेश कुमार
M.B.B.S., MS (E.N.T.), (M.L.N.M.C.-Allahabad)
नाक, कान, गला एवं मुख रोग विशेषज्ञ एवं सर्जन
भूतपूर्व वरिष्ठ ई.एन.टी सर्जन जिला चिकित्सालय (सदर), जौनपुर
TIME - 10 a.m. to 6 p.m.
CMO Office Reg. No. JNP/AL/2017-18/462
9161691924
7068156705

अशोक हॉस्पिटल
आरोग्यम् धनसंपदा
आपका स्वास्थ्य, हमारा उद्देश्य
ASHOK HOSPITAL

| उपलब्ध विभाग | उपलब्ध सुविधाएं | प्रमुख शल्य क्रिया एवं निदान |
|---|---|---|
| यूरोलॉजी विभाग | इमरजेंसी | गर्भाशय निकालने का ऑपरेशन (हिस्टेरेक्टॉमी) |
| नेफ्रोलॉजी विभाग | आई.सी.यू. | सीजेरियन डिलीवरी (सी-सेक्शन) |
| सर्जरी विभाग | एन.आई.सी.यू. | ओवरी सिस्ट सर्जरी ● अपेंडिक्स की सर्जरी |
| नान इनवेसिव हृदय रोग विभाग | एच.डी.यू. | हार्निया की सर्जरी ● आंतों की सर्जरी |
| मेडिसिन विभाग | कीमोथेरेपी | ऑर्थोपेडिक ट्रॉमा सर्जरी ● बच्चों की हड्डी संबंधी सर्जरी |
| कैंसर रोग विभाग | डायलिसिस | हड्डी टूटने का ऑपरेशन (फ्रैक्चर सर्जरी) |
| हड्डी एवं नस रोग विभाग | पैथोलॉजी | किडनी स्टोन सर्जरी ● पेशाब की नली की सर्जरी |
| स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग | रेडियोलॉजी | मूत्राशय ट्यूमर सर्जरी ● कान के पर्दे का आपरेशन |
| नाक, कान, गला रोग विभाग | फार्मेसी 24/7 | टॉन्सिल का ऑपरेशन (टॉन्सिलेक्टॉमी) |
| नवजात शिशु बाल रोग विभाग | एम्बुलेंस 24/7 | सुनने की क्षमता सुधार सर्जरी |
| | | मलेरिया ● डेंगू ● टाइफाइड का इलाज |

अस्पताल में सेवाएं देने वाले डाक्टरों का नाम

| | | |
|---|---|---|
| डॉ. वी. के. दुबे (फिजीशियन) | डॉ. हिमांशु (यूरोलॉजिस्ट) | डॉ. ए. पी. यादव (ई.एन.टी.) |
| डॉ. आशीष सिंघानिया (आर्थो) | डॉ. ओ.पी. सिंह, डॉ. अरूण (सर्जन) | डॉ. आर. के. सिंह (आर्थो) |
| डॉ. भव्या (स्त्री रोग विशेषज्ञ) | डॉ. श्वेता (स्त्री रोग विशेषज्ञ) | डॉ. तान्या (स्त्री रोग विशेषज्ञ) |
| डॉ. अवनीश बिंद (एमडी मेडिसिन) | डॉ. शोएब (पीडियाट्रिक्स) | डॉ. एस. के. पाण्डेय (एमडी मेडिसिन) |

फरीदपुर (शंकरगंज), महरूपुर, जौनपुर (उ.प्र.) - 222180
Mob.: 7565955001, 7565955002

NIRMALA DEVI POLYTECHNIC & Pharmacy College
(D Pharma Course) | AICTE & UPBTE Approved
ADMISSION OPEN 2021-22
B. PHARMA AND D. PHARMA
Course Name
Bus Facility
Electrical & Electronics Engineering
Mechanical Engineering Production
Mechanical Engineering Automobile
Electrical Engineering
Civil Engineering
Adress: Near Gaurabadshahpur Police Statiion, Nayansand, Jaunpur (U.P.)
Contact No. 9415234998, 7839456998, 9839449646, 7080956598, 8787010634, 8808800929
Website: www.ndpc.co.in E-mail: dnirmala432@gmail.com

स्टाफ नर्स के प्रशिक्षण के लिए
अवध पैरा मेडिकल कालेज जौनपुर
708, विशेषरपुर (पचहटिया) शीतला चौकियाँ, आजमगढ़ रोड, जौनपुर Mob. : 9129773253
G.N.M., A.N.M., B.Sc.( Nursing) Post Basic, D.Pharma, B.Pharma
G.N.M.
सामान्य नर्सिंग एवं मिडवाइफरी के 3 वर्षीय डिप्लोमा प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।
योग्यता: 10+2 या समकक्ष परीक्षा में कम से कम 90% अंक
चयन प्रक्रिया: मेरिट के आधार पर
आयु सीमा: 17–35 वर्ष
छात्रावास की सुविधा
आवेदन पत्र एवं अन्य विवरण के लिए सम्पर्क करें
डा. रामअवध यादव
Mob.: 8931931199 9415273329
डा. शकुन्तला यादव
प्रबन्ध निदेशक
Mob.: 9889377675 9415207436
KUNWAR DAS MEDICAL CENTRE PVT. LTD. 708, Vishesharpur (Panchahatiya), Sheetala Cahukiya, Azamgarh Road, Jaunpur-222106

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ
श्रम मंत्रालय भारत सरकार एन.सी.वी.टी. द्वारा मान्यता प्राप्त
प्यारी देवी निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान
100% रोजगारपरक

| ट्रेड (कोर्स) | अवधि | पात्रता |
|---|---|---|
| फिटर | 2 वर्ष | हाईस्कूल |
| इलेक्ट्रिशियन | 2 वर्ष | हाईस्कूल |

सीमित सीट
★आधुनिक वर्कशाप ★ अनुभवी शिक्षक
विशेष- कैम्पस सिलेक्शन सुविधा, सुसज्जित कार्यशालाएँ प्रशिक्षित एवं अनुभवी अनुदेशक, जाब अप्रेन्टिस की व्यवस्था
गौराबादशाहपुर, पिलखिनी, जौनपुर
Mob.: 9415234998, 8423472673

दिव्यांशी डेन्टल हास्पिटल
लाला बाजार, सिकरारा रोड, जौनपुर
डेंटल क्राउन
डेंटल इंप्लांट
RCT ट्रीटमेंट
मसूड़े से खून आना, पायरिया
टेढ़े-मेढ़े दांतों का इलाज
टूटे जबडे का इलाज
उचित उपचार हेतु "Divyanshi Dental Hospital" के अनुभवी डेंटिस्ट से ही परामर्श लें।
डा. दिनेश कन्नौजिया
9721771686 B.D.S., D. Pharma (डेन्टल सर्जन)

रेडियन्ट मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल प्रा0 लि0
24/7 EMERGENCY SERVICES
डा0 अशुतोष झा MBBS, MS, FMAS Advanced Laparoscopic Surgeon
डा0 मो0 चाँद बागवान MBBS, MD, PDCC, Critical Care Medicine
डा0 अभिषेक मिश्रा MBBS, MD Pulmonary & Sleep Medicine
डा0 मुकेश शर्मा MBBS, MS Joint Replacement & Spine Surgeon
डा0 यसीरा अली MBBS, MS Obs & Gynae
डा0 हर्ष सिंह MBBS, MD Paediatrician & Neonatologist
डा0 प्रदीप सिंह MBBS, MS, DrNB Uro Surgeon
डा0 हिमांशू सिंह MBBS, MS, MCH Uro Surgeon
डा0 नेहा झा MBBS, MD Radiologist
डा0 अभिषेक मिश्रा MBBS, MS, MCH Uro Surgeon
डा0 पवन चौबे MBBS, MD, DM Gastro- Medicine
डा0 एच अन्सारी MBBS, MD Dermatologist
डा0 वी.के. वर्मा MBBS, MD Psychiatrist
Facilities :
• Advanced Laparoscopic Surgery
• ICU & Critical Care
• Chest, TB & Sleep Medicine
• Accidental & Trauma Surgery
• Normal & Assisted Delivery
• Cesarean Delivery
• NICU & PICU
• Joint Replacement & Spine Surgery
• All Surgical Facilities.
मछलीशहर पड़ाव, ईदगाह, जौनपुर
Telephone : 05452- 326046
Mob.: 9196021998

पेट, आँत, लीवर, किडनी, ब्रेस्ट, प्रोस्टेट, बच्चेदानी आदि रोग की सुरक्षित गुणवत्ता पूर्ण एडवांश मेडिकल एवं सर्जिकल इलाज के लिए राष्ट्रीय प्रमाण-पत्र
NABH & ISO द्वारा प्रमाणित अस्पताल
डा. लाल बहादुर सिद्धार्थ
M.B.B.S., M.S. Surgery, F.I.M.S.A., M.I.A.G.E.S.
SR. (Gastro Surgery,) M.I.M.S.A., F.A.I.S., F.I.C.S.
(गैस्ट्रो, लेप्रोस्कोपिक एवं कैंसर सर्जन)
जनता के बेहतर और कल्याण के लिए केन्द्र सरकार की सौगात
आयुष्मान भारत योजना
के अन्तर्गत
5 लाख तक का निःशुल्क उपचार
गोल्डेन कार्ड प्रतिदिन बनता है
न्यू हेरिटेज
सिद्धार्थ हास्पिटल
मल्टी स्पेशिएलिटी साइंस एवं रिसर्च सेन्टर
सुन्दरनगर उमरपुर हरिबंधनपुर, (निकट मैहर देवी मंदिर) जनपद जौनपुर
मो.नं.: 9415315405, 9598725959, 9838259535
Email: siddhathhospitaljnp@gmail.com, siddharthhospital.jaunpur@yahoo.com
बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ

महिलाओं के सर्वोत्तम इलाज के लिये



डा. शकुन्तला यादव
(MBBS, DGO, FIMS)
सर्जन एवं महिला रोग विशेषज्ञ
विशेषरपुर, पंचहटिया, आजमगढ़ रोड, जौनपुर
उपलब्ध सुविधायें
⇨ महिलाओं की सभी बीमारियों का इलाज
⇨ सामान्य प्रसव (नार्मल डेलिवरी)
⇨ अल्ट्रासाउण्ड परीक्षण एवं पैथालॉजिकल जाँच
⇨ महिलाओं के सभी आपरेशन
⇨ बॉझपन का सम्पूर्ण इलाज
नोटः समय प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से 3 बजे तक

मानसिक, नस, मिर्गी, सिरदर्द नशा एवं यौन (सेक्स) रोग विशेषज्ञ
डा. उत्तम कुमार गुप्ता
एम.बी.बी.एस., एम.डी. ( न्यूरो साइकियाट्रिस्ट )
Ex. Ass. Professor-UCMS
परामर्श का दिन एवं समय
प्रत्येक दिन-प्रातः 9 बजे से सायं 8 बजे तक
रविवार- प्रातः 8 बजे से प्रातः 10 बजे तक सायं 6 बजे से रात्रि 8 बजे तक
भदोही का पता- मनोरोग सेन्टर, चौरी रोड ब्लाक के सामने भदोही (प्रत्येक रविवार प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक
निम्नलिखित बिमारियों का सफल इलाज-
● सिरदर्द, अधकपारी (Migrain), मिर्गी (Epilepsy) झटका एवं बेहोशी
● घबराहट, बेचैनी, चिंता (Anxiety)
● मन दुखी, उदास रहना, आत्महत्या का विचार आना (Depresstion)
● चिड़चिड़ापन, गुस्सा, ज्यादा बोलना, बिना बात खुश रहना (Mania)
● शक करना, डर लगना, अजीब व्यवहार करना (Schizophenia)
● मन में एक ही बात बार-बार आना, एक ही काम को बार-बार करना (OCD)
● नींद की समस्या (Insomnia), नस Neuro) से सम्बन्धित रोगों का इलाज
● याददाश्त कमजोरी होना (Demetia)
● शराब या अन्य किसी प्रकार का नशा (Addiction)
● वैवाहिक एवं सेक्स सम्बन्धी समस्याएं
● बच्चों में व्यवहार की समस्या (ADHD Conduct disorder etc)
24 HOUR EMERGENCY SERVICE
मरीज भर्ती की सुविधा
काउंसलिंग साइकोथिरेपी EEG की सुविधा
मंगल क्लीनिक
वाजिदपुर तिराहा, जौनपुर मो0- 9196128735, 9307913300

College Code 1693
U.P.State Medical Faculy Approved
College Code 1137
लक्ष्मी हेल्थ केयर नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
प्रवेश प्रारम्भ सत्र 2026-27
आरा राजपत नगर, जौनपुर
Mob. : 9236627158
कुतूपुर, जौनपुर
A.N.M. 10+2(Art/Bio)
G.N.M. 10+2 (Bio)
College Code 2220736
BSc.Nursing 10+2 (Bio)
SC/ST केवल स्कॉलरशीप
O.T.T. | D.P.T. | D.Optomerty | D.X-Ray | D.M.L.T.
10+2 (Bio/Math) For All Courses